
नई दिल्ली, शुक्रवार
12 जुलाई, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



नालों में कूड़ा फेंका तो लगेगा जुर्माना 5
विकसित भारत का लक्ष्य छोटे परिवारों से ही संभव: नड्डा 15

**बजट 2024-25 बिगुल**

जागरण अभियान की चौथी किस्त में आज पढ़िए देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जुड़े छोटे, मझोले व बड़े उद्योगों की आम बजट को लेकर आशाओं और उम्मीदों पर रिपोर्ट... • पेज 12

**दैनिक जागरण झंकार** जिंदगी की

**विज्ञान पर व्यर्थ विवाद**
स्वास्थ्य के लिए सर्व स्वीकार्य सूर्यनमस्कार पर क्यों हो रही है बहस

**सौभाग्य का पेड़**
जीवन में कष्ट-बाधाओं को कैसे काट सकते हैं सही पेड़-पौधे

**अंधा करता विश्वास**
धर्म के नाम पर पाखंड के विरुद्ध हिंदी सिनेमा के क्या रहे हैं प्रयास

पढ़ें इस रविवार

## आम्रपाली की तरह सुपरटेक के प्रोजेक्ट भी हो सकते हैं एनबीसीसी के हवाले

मनीष तिवारी • जागरण

**नई दिल्ली :** आम्रपाली परियोजनाओं की तरह सुपरटेक लिमिटेड के रुके-फंसे प्रोजेक्ट भी नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन (एनबीसीसी) के पास जा सकते हैं। खास बात यह है कि एनबीसीसी ने भी सैद्धांतिक रूप से इस पर सहमति जताई है कि अगर उसे इन प्रोजेक्टों को पूरा करने की जिम्मेदारी दी जाती है तो वह इसके लिए तैयार है, बस यथोचित प्रक्रिया का सही तरह पालन किया जाए।

नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में चल रहे सुपरटेक लि. के मामले में एनबीसीसी से इसके प्रोजेक्टों को पूरा करने का सुझाव मुख्य कर्जदाता बैंक यूनियन बैंक की ओर से दिया गया है। बैंक का केवल एक प्रोजेक्ट इको विलेज-2 में लगभग 432 करोड़ रुपये सुपरटेक पर बकाया है। एनबीसीसी के सूत्रों के अनुसार, कंपनी सुपरटेक के सभी रुके और खटाई में पड़ गए प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए तैयार है, लेकिन उसे सभी परियोजनाओं का विवरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जैसा कि आम्रपाली मामले में किया गया था। एनबीसीसी से अभी केवल इको विलेज-2 के लिए आइआरपी (दिवालिया मामले में अंतरिम समाधान के लिए नियुक्त किए जाने वाले पेशेवर) की ओर से संपर्क किया गया था।

- यूनियन बैंक ने एनबीसीसी को प्रोजेक्ट सौंपने का दिया सुझाव
- आम्रपाली मामले की तरह पूरी हो सकती हैं रुकी परियोजनाएं
- एनसीआर में ढाई लाख भवनों के पूरा होने की निकल सकती है राह



ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सुपरटेक इको विलेज-दो सोसायटी • जागरण आर्काइव

एनसीएलटी में सुनवाई के दौरान आइआरपी ने कहा है कि अगर यूनियन बैंक की ओर से अनुरोध किया जाता है तो सभी परियोजनाओं की पूरी जानकारी एनबीसीसी के साथ साझा की जा सकती है। सुपरटेक की नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई परियोजनाएं हैं। एनसीएलटी में पेश हुए अटार्नी जनरल वेंकट रमानी ने भी कहा कि एनबीसीसी इन परियोजनाओं पर काम करने का इच्छुक है और सुपरटेक को कर्ज देने वाले बैंकों का मत भी इसके पक्ष में है। अगर सुपरटेक के फंसे प्रोजेक्टों को पूरा करने की जिम्मेदारी एनबीसीसी को मिलती है तो इस सरकारी कंपनी के लिए आवासीय प्रोजेक्टों के मामले में यह एक और बड़ी बात होगी। इस तरह अकेले एनसीआर में वर्षों से अधूरे पड़े ढाई लाख से अधिक भवनों के पूरा होने की राह निकल सकती है।

### हरियाणा रेरा ने भी किया एनबीसीसी से आग्रह

एनबीसीसी के सूत्रों के अनुसार, हरियाणा रेरा ने भी उससे आग्रह किया है कि गुरुग्राम और अन्य शहरों में फंसी परियोजनाओं को एनबीसीसी अपने हाथ में ले। अभी इस प्रस्ताव पर एनबीसीसी ने कोई जवाब नहीं दिया है।

## मोदी के रूस दौरे को लेकर अब खुलकर सामने आई अमेरिका की नाराजगी

### सिर्फ शांति बहाली की बात नहीं, शांति भंग करने वाले को दंडित करना जरूरी :अमेरिकी राजदूत

जयप्रकाश रंजन • जागरण


**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस हफ्ते की शुरुआत में हुई दो दिवसीय रूस यात्रा को लेकर अमेरिका की नाराजगी साफ तौर पर सामने आ गई है। एक तरफ जहां जो बाइडन प्रशासन के एक उच्चाधिकारी की तरफ से भारतीय विदेश मंत्रालय को फोन करके अपनी नाराजगी जताने की सूचना सामने आ रही है, वहीं नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में परोक्ष तौर पर मोदी की रूस यात्रा को लेकर काफी तल्खी भरी बातें कहीं।

गार्सेटी ने कहा, 'मैं भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का आदर करता हूं, लेकिन युद्ध के समय कोई रणनीतिक स्वायत्तता नहीं होती।' इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से शांति स्थापित करने की बात करने की तरफ इशारा करते हुए गार्सेटी ने कहा कि अभी सिर्फ शांति बहाली की बात करने का समय नहीं है, बल्कि जो लोग शांति भंग कर रहे हैं, उन्हें दंड भी दिलाना होगा। उन्होंने रूस से हथियार खरीदने की भारतीय रणनीति पर भी सवाल उठाया और साफ तौर पर कहा कि भारत को रक्षा साझीदार के तौर पर अमेरिका व रूस में से किसी एक का चयन करना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी आठ-नौ जुलाई को रूस यात्रा पर थे। इस दौरान उनकी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ चार बार मुलाकात हुई। मोदी की यात्रा के पहले ही दिन रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव स्थित बच्चों के एक अस्पताल पर हमला किया था। मोदी ने इस मुद्दे को दो बार पुतिन के सामने उठाया और बच्चों की मौत पर हृदय छलनी होने का बयान दिया। साथ ही युद्ध के मैदान से शांति बहाली नहीं होने का संदेश भी पुतिन को दिया। मोदी की इस यात्रा को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति भवन, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले ही अलग-अलग बयान जारी किया है। लेकिन, नई दिल्ली में गुरुवार को रक्षा क्षेत्र के एक थिंक टैंक के कार्यक्रम में भाषण में गार्सेटी ने कई बार परोक्ष तौर पर मोदी के रूस दौरे का जिक्र किया। इसमें उनकी नाराजगी साफ दिखाई पड़ रही थी।

गार्सेटी ने यूक्रेन पर रूस के हमले की तुलना चीन की तरफ से भारत के पूर्वी इलाके में किए गए हमले से करते हुए कहा कि आज कोई भी युद्ध बहुत दूर नहीं होता। हमें भारत को यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि सीमा कितनी महत्वपूर्ण होती है।

**नई दिल्ली में राजदूत एरिक गार्सेटी ने इशारों में यूक्रेन पर रूस के हमले की तुलना पूर्वी लद्दाख में चीन के हमले से की**



भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी • एएनआइ

### विश्वसनीय साझीदार के रूप में रूस पर दांव ठीक नहीं: सुलिवन

**वाशिंगटन, प्रेट्र :** भारत के रूस के साथ संबंधों से चिंतित अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैक सुलिवन ने गुरुवार को नई दिल्ली को सचेत किया कि दीर्घकालिक एवं विश्वसनीय साझीदार के रूप में रूस पर दांव लगाना ठीक नहीं है। एमएसएनबीसी पर प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा से जुड़े एक सवाल के जवाब में सुलिवन ने कहा, 'रूस चीन के करीब होता जा रहा है। वास्तव में यह चीन का जूनियर पार्टनर बनता जा रहा है और इस तरह वह किसी भी दिन भारत के बजाय चीन का पक्ष लेगा।' हालांकि, सुलिवन ने माना कि भारत जैसे देशों के रूस के साथ ऐतिहासिक संबंध हैं और यह रातों-रात नहीं बदल सकते।

## डीयू ने विरोध के बाद खारिज किया विधि पाठ्यक्रम में मनुस्मृति पढ़ाने का प्रस्ताव

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय में विधि के छात्रों को मनुस्मृति पढ़ाने का प्रस्ताव अकादमिक परिषद की बैठक में रखे जाने से पहले ही रद कर दिया गया है। प्रस्ताव के विरोधियों ने कुलपति प्रो. योगेश सिंह को भेजे पत्र में कहा था कि मनुस्मृति महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों के प्रति विरोधी दृष्टिकोण का प्रचार करती है और यह प्रगतिशील शिक्षा प्रणाली के विरुद्ध है। इसे लेकर विवाद बढ़ता देखकर कुलपति ने बुधवार देर शाम स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि विधि संकाय की ओर से विधि शास्त्र के पेपरों में कुछ बदलाव किए गए थे जिन्हें रद कर दिया गया है।

विधि संकाय ने विधि शास्त्र के पेपर में सेमेस्टर एक और छह में बदलाव का प्रस्ताव दिया था। संशोधनों के अनुसार मनुस्मृति पर दो पाठ पढ़ाने को कहा गया था। इसमें पहला पाठ जीएन झा लिखित मेधातिथि के मनुभाष्य के साथ मनुस्मृति और दूसरा पाठ टी कृष्णासावमी अय्यर लिखित मनु स्मृति की टिप्पणी ''स्मृतिचंद्रिका'' थी। 24 जून को विधि संकाय की डीन प्रो. अंजू वली टिकू की अध्यक्षता में संकाय पाठ्यक्रम समिति की बैठक हुई थी जिसमें प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया था।

प्रस्ताव पर थी आपत्ति >> पेज 8



डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह

- पहले व छठे सेमेस्टर के विधि शास्त्र के पाठ्यक्रम में बदलाव का लाया गया था प्रस्ताव
- शिक्षकों का एक वर्ग जता रहा था विरोध, पत्र लिखकर प्रस्ताव वापस लेने की मांग की थी

### जयराम रमेश ने बताया संविधान पर हमला

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने मनुस्मृति को लेकर विवाद के बीच कहा कि यह संविधान और डा. आंबेडकर की विरासत पर हमला करने के आरएसएस के दशकों पुराने प्रयास को पूरा करने की सलामी रणनीति है। सलामी रणनीति से तात्पर्य किसी बड़े उद्देश्य को पूरा करने के लिए छोटे-छोटे प्रयास से है। एक्स पर एक पोस्ट में जयराम ने आर्गनाइजर के 30 नवंबर 1949 के अंक का हवाला देते हुए लिखा कि उस अंक में कहा गया था कि भारत के नए संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है। संविधान लिखने वालों ने इसमें ब्रिटिश, अमेरिकी, कनाडाई, स्विस आदि देशों के संविधानों के तत्व शामिल किए हैं। जयराम ने लिखा कि मनु के नियम स्पार्टा के विधि विशेषज्ञ लाइकुरगस और पर्शिया के सोलन से बहुत पहले लिखे गए थे। आज भी ये नियम मनुस्मृति में मौजूद हैं, लेकिन हमारे संविधान निर्माताओं के लिए इनका कोई महत्व नहीं है।



जयराम रमेश

## अंदर पढ़ें

### भजनपुरा में चाकू से गोदकर जिम संचालक की हत्या

**नई दिल्ली:** भजनपुरा में बुधवार रात को चार लोगों ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर जिम संचालक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुमित उर्फ प्रेम चौधरी के रूप में हुई है। सुमित पर हत्या का केस दर्ज था। • पेज 4

### टायरों के प्रदूषण से मिलेगी निजात, सीपीसीबी के निर्देश

**नई दिल्ली:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने इस्तेमाल हो चुके टायरों के समुचित निस्तारण की कवायद शुरू कर दी है। बोर्ड ने टायर का उत्पादन और उन्हें रिसाइकिल करने वाली देश भर की सभी एजेंसियों को अगस्त के अंत तक सीपीसीबी में अपना पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। • पेज 7

### चीन से पाक ले जाई जा रही घातक रसायन की खेप जब्त

**चेन्नई:** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के लिए भेजी जा रही चीन की एक खेप को जब्त कर लिया है। इसमें टीयर गैस और दंगा नियंत्रण में इस्तेमाल होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित रसायनों को ले जाया जा रहा था। इसे पाकिस्तान के जैविक और रासायनिक युद्धक कार्यक्रम में इस्तेमाल करने के लिए ले जाया जा रहा था। • पेज 11

**jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें**

**आयकर रिटर्न**
**शेयर बाजार से कमा रहे हैं पैसा! कमाई पर कैसे लगता है टैक्स? समझें पूरा गणित**

फिल्म रिव्यू देखें पृष्ठ >> जागरण सिटी

**दैनिक जागरण सप्तरंग**
मनोरंजन की दुनिया का

नई न्याय संहिता की उलझनों में घिरा सिनेमा व ओटीटी

कामेडी से प्यार है: वरुण शर्मा

• पेज 13

## पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की तैयारी

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना को लेकर नए सिरे से छिड़ी बहस के बीच केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में पूर्व अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल के 10 प्रतिशत पद आरक्षित रखे जाएंगे। इस भर्ती में उन्हें पहली बार उम्र सीमा में पांच वर्ष और उसके उपरांत तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। उन्हें शारीरिक दक्षता की परीक्षा भी नहीं देनी होगा, लेकिन फिटनेस प्रमाणपत्र देना होगा। गृह मंत्रालय ने पिछले वर्ष सीएपीएफ में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की थी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने जून, 2022 में यह योजना लांच की थी। अग्निवीरों के पहले बैच का कार्यकाल 2026 में पूरा होगा। योजना में 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को चार वर्ष के लिए सेना में भर्ती करने का प्रविधान किया गया है, जिनमें से 25 प्रतिशत को 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रविधान है।



- केंद्रीय सुरक्षा बलों में उम्र सीमा और शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट
- पहली बार उम्र सीमा में पांच वर्ष व फिर मिलेगी तीन वर्ष की छूट

सीआइएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने दूरदर्शन से कहा कि गृह मंत्रालय के फैसले के अनुरूप सीआइएसएफ भी पूर्व अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व अग्निवीरों के साथ-साथ सीआइएसएफ को भी इसका फायदा मिलेगा क्योंकि बल को प्रशिक्षित व अनुशासित कर्मी मिल सकेंगे। बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, 'उन्हें (पूर्व अग्निवीर) चार वर्ष का अनुभव होगा। वे पूरी तरह अनुशासित और प्रशिक्षित जवान होंगे। अल्पकालिक प्रशिक्षण के बाद उन्हें सीमा पर तैनात किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा बलों को पूर्व अग्निवीरों को भर्ती करने का लाभ मिलेगा। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को भर्ती करने के लिए बल में सभी प्रबंध कर लिए गए हैं। भर्ती नियमों को तदनुसार संशोधित कर लिया गया है। उन्होंने कहा, 'पूर्व अग्निवीरों को भर्ती करना बल के लिए स्वागत योग्य कदम है क्योंकि वे सेना में प्रशिक्षित होंगे और तीनों सेनाओं में पहले ही सेवा दे चुके होंगे। वे पहले दिन से ही समर्पण और अनुशासन लाएंगे।' सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने भी कहा कि पूर्व अग्निवीरों के लिए भर्ती नियमों में बदलाव कर लिया गया है।

केंद्रीय सुरक्षा बलों की ओर से ये बयान ऐसे समय आए हैं जब कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी पार्टियां इस योजना को लेकर सरकार पर निशाना साध रही हैं। उनका कहना है कि चार वर्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 75 प्रतिशत अग्निवीरों का क्या होगा क्योंकि सिर्फ 25 प्रतिशत अग्निवीरों को ही 15 वर्षों के लिए सेना में बरकरार रखा जाएगा। हालांकि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां एवं विभाग पहले ही पूर्व अग्निवीरों को भर्ती करने की योजना की घोषणा कर चुके हैं।




## बेरोजगारी, महंगाई पर झूठ बोल रहे हैं राहुल : भाजपा

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** महंगाई और बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दावे को भाजपा ने सिरे से खारिज किया है। भाजपा प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने नेता प्रतिपक्ष पर इन मुद्दों को लेकर लगातार झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए मोदी सरकार के दौरान रोजगार सृजन और महंगाई दर के आंकड़े रखे। राहुल गांधी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में स्नातकों के कम वेतन मिलने की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बेरोजगारी के कारण युवाओं की परेशानी के लिए मोदी सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया था।

भाजपा प्रवक्ता के अनुसार, मोदी सरकार के दौरान औपचारिक क्षेत्र में बढ़े रोजगार के अवसरों की पुष्टि आरबीआइ की रिपोर्ट और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के डाटा से भी होती है। महंगाई के मुद्दे पर राहुल गांधी को जवाब देते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान पूरी दुनिया में भारत का महंगाई का प्रबंधन सबसे बेहतर है और इसे आर्थिक जगत से जुड़े दुनिया से सभी शीर्ष संस्थान और विशेषज्ञ स्वीकार करते हैं। कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद भारत में पिछले 10 साल में औसत महंगाई की दर पांच प्रतिशत के आसपास रही है। वहीं, मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में यह दर नौ प्रतिशत से अधिक थी। देश-विदेश के बड़े-बड़े बैंकों के अनुसार भारत में महंगाई की दर सबसे कम और रोजगार के अवसर सृजित करने में पहले स्थान पर है।

- मोदी सरकार के दौरान महंगाई प्रबंधन और रोजगार सृजन में भारत को बताया दुनिया में अव्वल
- भाजपा नेता सैयद जफर इस्लाम ने कहा-मनमोहन सरकार में महंगाई दर नौ प्रतिशत से अधिक थी



प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम

### बीते 10 वर्ष में 12.5 करोड़ नौकरियां सृजित

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के एक अध्ययन के अनुसार, वित्त वर्ष 2014-23 के दौरान देश में 12.5 करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं। यह 2004-14 के दौरान सृजित हुई 2.9 करोड़ नौकरियों से चार गुना अधिक है। आरबीआइ के आंकड़ों के आधार पर एसबीआइ की रिपोर्ट के अनुसार, 'कृषि को छोड़ भी दिया जाए तो मैन्यूफैक्चरिंग और सेवाओं में सृजित नौकरियों की कुल संख्या 2014-23 के दौरान 8.9 करोड़ रही, जबकि 2004-14 के दौरान ये 6.6 करोड़ थी। पीएलएफएस और आरबीआइ के केएलईएमएस डाटा के अनुसार, भारत ने 2017-18 से 2021-22 तक आठ करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। यानी हर साल औसतन दो करोड़ से ज्यादा रोजगार का सृजन हुआ।

- यह आंकड़ा 2004-14 के दौरान सृजित हुई 2.9 करोड़ नौकरियों से चार गुना अधिक

### 2023-24 में 4.6 करोड़ नौकरियों का हुआ सृजन

**नई दिल्ली, एएनआइ:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 2023-24 के दौरान लगभग 4.6 करोड़ नई नौकरियों का सृजन हुआ। यह पिछले साल यानी 2022-23 के मुकाबले छह प्रतिशत ज्यादा है। गोयल ने कहा, 'रोजगार सृजन पर जारी की गई रिपोर्ट दर्शाती है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने तेजी से नई नौकरियां और नए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।'



पीयूष गोयल

********

## आज का मौसम

शुक्रवार को बादल छाए रहेंगे। 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा के साथ हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने के आसार हैं।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **दिल्ली** | | |
| 12 जुलाई | 36.0 | 28.0 |
| 13 जुलाई | 35.0 | 26.0 |
| **नोएडा** | | |
| 12 जुलाई | 36.0 | 28.0 |
| 13 जुलाई | 37.0 | 28.0 |
| **गुरुग्राम** | | |
| 12 जुलाई | 39.0 | 28.0 |
| 13 जुलाई | 36.0 | 28.0 |

डिग्री सेल्सियस में

# 'बच्चे की कस्टडी राइट के बिना भी मिलने के हकदार माता-पिता'

विनीत त्रिपाठी ● जागरण

**नई दिल्ली:** बच्चे की कस्टडी के अधिकार के पहलू पर स्थिति स्पष्ट करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति राजीव शकधर व अमित बंसल की पीठ ने कहा कि अपने बच्चे की कस्टडी राइट नहीं होने पर भी माता-पिता बच्चे से मुलाकात के हकदार हैं, ताकि वे अपने बच्चे के साथ संबंध बनाए रख सकें। अदालत ने कहा कि बच्चे का संयुक्त रूप से पालन-पोषण आदर्श व्यवस्था है। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि कस्टडी का निर्धारण करते समय बच्चे के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अदालत ने उक्त टिप्पणी पारिवारिक न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपीलकर्ता पिता की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। अपीलकर्ता पिता ने आगामी त्योहार अपने आठ साल के बच्चे के साथ मनाने के लिए अस्थायी कस्टडी की मांग संबंधी आवेदन को खारिज करने के निर्णय को चुनौती दी है। पारिवारिक अदालत ने पाया था कि बच्चा अपीलकर्ता के साथ असहज था और अपीलकर्ता को अस्थायी हिरासत देने से बच्चे को मानसिक आघात पहुंचेगा।




**अस्थायी कस्टडी की मांग खारिज करने के फैमिली कोर्ट के आदेश के विरुद्ध पिता की याचिका पर हाई कोर्ट ने की टिप्पणी**

पारिवारिक अदालत ने अपीलकर्ता को काउंसलर की उपस्थिति में द्वारका कोर्ट के चिल्ड्रन रूम में हर महीने दो बार अपने बेटे से मिलने की अनुमति दी थी।

अपीलकर्ता ने कहा कि पत्नी की मौजूदगी के कारण बच्चों के कमरे में मिलने से बच्चा असहज था, क्योंकि वे लंबे समय से मिले नहीं हैं। अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि उसे अंतरिम/अस्थायी कस्टडी देना स्थिति को सुधारने का एकमात्र तरीका होगा। पीठ ने कहा कि कानून के तहत नाबालिग बच्चे की हिरासत के मामलों में अदालत को बच्चे के सर्वोत्तम हित को देखना होगा। सभी प्रासंगिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बच्चे के सर्वोत्तम हित का निर्धारण किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि भले ही बच्चे की कस्टडी एक स्वजन के पास हो, लेकिन दूसरे स्वजन के पास मुलाकात का अधिकार होना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चा दोनों के साथ संपर्क में है। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि अपीलकर्ता पारिवारिक अदालत के निर्देशानुसार और कोआर्डिनेट पीठ द्वारा पुष्टि के अनुसार द्वारका कोर्ट में काउंसलर की उपस्थिति में महीने में दो बार अपने बेटे से मिल सकता है। पीठ ने कहा कि अदालत की राय में बच्चे को अपने पिता की उपस्थिति में सहज होने और उनके साथ बातचीत करने के लिए शायद कुछ और समय की आवश्यकता है।







# बवाना में मूनक नहर का तटबंध टूटा, जेजे कालोनी में जलभराव

## नहर के पानी के तेज बहाव में तटबंध का 120 फीट का हिस्सा बहा, द्वारका और अन्य क्षेत्रों में पेयजल और बिजली की आपूर्ति हो गई बाधित

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** बवाना औद्योगिक क्षेत्र के पास बृहस्पतिवार देर रात मूनक नहर (सीएलसी) के तटबंध में अचानक दरार आ गई। पानी के तेज बहाव में तटबंध का 120 फीट हिस्सा बह गया और पानी तेजी से साथ लगते आवासीय क्षेत्र में भर गया। तीन-चार घंटे के भीतर जेजे कालोनी के चार ब्लाक में जलभराव हो गया। इसके बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। इस बीच, हरियाणा से नहर में पानी बंद कराया गया। हरियाणा सिंचाई विभाग ने नहर के तटबंध को पाटने का काम शुरू कर दिया है। विभाग का कहना है कि शुक्रवार शाम तक नहर की मरम्मत का काम पूरा कर लिया जाएगा।

तटबंध टूटने के बाद दिल्ली की जल मंत्री आतिशी व क्षेत्र के सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने नहर की मरम्मत कार्य का जायजा लिया। दोपहर बाद नहर में पानी का प्रवाह कम होने के बाद आवासीय क्षेत्रों में जमा पानी भी घटना शुरू हो गया। नहर का तटबंध क्यों टूटा, इस बारे में अधिकारी टिप्पणी से बच रहे हैं। उनका कहना है कि जांच के बाद ही कारण स्पष्ट किया जा सकेगा, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि नहर के तटबंध में कुछ दिन पहले हल्की दरार थी, जिसको समय रहते पाट दिया गया होता तो यह घटना नहीं होती।

राजधानी के लिए जलापूर्ति की 'लाइफ लाइन' मानी जाने वाली मूनक नहर का तटबंध बुधवार रात करीब एक बजे टूट गया था। नहर के आसपास आवासीय क्षेत्र की गलियों में अचानक जलभराव के बाद लोगों को तटबंध टूटने के बारे में पता चला। तटबंध टूटने के तीन-चार घंटे के भीतर जेजे कालोनी के चार ब्लाक जे, एम, के व एल-ब्लाक में दो से तीन फीट पानी भर गया। नहर से आवासीय क्षेत्र की ओर पानी आने का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा। जलभराव के बाद लोगों को अपना घर छोड़कर खुले में रहना पड़ा। बड़ी संख्या में लोग अपने घरेलू सामान को निकालकर अन्यत्र जाते दिखे। जलभराव के कारण कई लोग घरों में फंसे रहे, जिन्हें बाद में सुरक्षित बाहर निकाला गया।

बताया जाता है कि नहर का तटबंध टूटने की खबर के बाद रात को ही हरियाणा सिंचाई विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपना काम आरंभ कर दिया। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि तड़के हरियाणा की ओर से नहर में पानी रुकवा दिया गया, लेकिन पानी को पूरी तरह रुकने में 12-14 घंटे का समय लगता है। दोपहर बाद पानी का प्रवाह रुक गया। अधिकारी ने बताया कि नहर के तटबंध का 120 फीट लंबा हिस्सा बह गया है, जिसे पाटने का काम तेज गति से किया जा रहा है। इस कार्य में 40 से अधिक श्रमिक लगाए गए हैं। अगले 24 घंटे के भीतर तटबंध की मरम्मत का काम पूरा हो जाएगा। इस बीच, हरियाणा सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संदीप तनेजा और अधीक्षक अभियंता तरुण अग्रवाल ने नहर के मरम्मत कार्य का जायजा लिया और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर जमे हुए हैं।

**राहत और बचाव कार्य में जुटे कई विभाग:** जलभराव के बाद आधी रात को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए सहित सभी संबंधित विभागों को सूचित कर दिया गया। डीडीए के एक अधिकारी ने बताया कि फील्ड स्टाफ ने प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर मौजूदा स्टार्म वाटर ड्रेन को अस्थायी रूप से पंक्चर करके पानी की निकासी की। इस स्थिति से राहत प्रदान करने के लिए संबंधित सरकारी एजेंसियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। डीडीए की ओर से जेसीबी, डीवाटरिंग पंप, पेयजल टैंकर और मोबाइल शौचालय जैसे संसाधन क्षेत्र में पहुंचा दिए गए हैं।

**देवेंद्र यादव बोले-तटबंध का टूटना बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग विभाग की निष्क्रियता:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने हरियाणा से दिल्ली में आने वाली मूनक नहर का तटबंध बवाना के पास टूटने की घटना को दिल्ली सरकार के बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग की निष्क्रियता करार दिया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से तुरंत मौके पर पहुंचकर प्रशासन के साथ मिलकर बचाव एवं राहत कार्य में योगदान देने के लिए कहा। जेजे कालोनी में बाढ़ जैसा खतरा उत्पन्न हो गया है, जो चिंता का विषय है। दिल्ली सरकार के बाढ़ नियंत्रण विभाग से अपील की कि नुकसान का आकलन कर लोगों को राहत दें।

जांच जरूरी » संपादकीय
संबंधित खबर » जागरण सिटी

- राहत और बचाव कार्य में जुटीं एनडीआरएफ व अन्य एजेंसियां
- चार जल शोधन संयंत्र प्रभावित, शुक्रवार शाम तक होंगे सुचारू
- हरियाणा सिंचाई विभाग कर रहा मरम्मत, शुक्रवार शाम होगा पूरा



बवाना औद्योगिक क्षेत्र के पास मूनक नहर का पक्का तटबंध टूटने के बाद आसपास के क्षेत्रों में दो से तीन फीट तक जलभराव हो गया, क्षेत्र की बिजली आपूर्ति एहतियातन काटनी पड़ी, इस दौरान लोगों को पानी में होकर गुजरना पड़ा, जिससे उनकी परेशानी बढ़ गई ● प्रेट्र

### नहर का आवश्यक रखरखाव नहीं किया: उपराज्यपाल



वीके सक्सेना

मूनक नहर का तटबंध टूटने पर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि नियमित तौर पर नहर का आवश्यक रखरखाव नहीं किया गया। दिल्ली जल बोर्ड को हरियाणा सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर समय-समय पर मूनक नहर की निगरानी करनी चाहिए थी। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सभी संबंधित विभागों को नहर टूटने से पैदा हुई जलभराव की स्थिति से तत्काल निपटने के आदेश दिए हैं।

### तीन से चार जल शोधन संयंत्र प्रभावित: आतिशी



आतिशी

नहर के तटबंध में दरार आने और आवासीय क्षेत्र में जलभराव की घटना के बाद दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने बवाना में मूनक नहर का दौरा किया। उन्होंने स्थिति का जायजा लेने के बाद कहा कि नहर का तटबंध टूटने से तीन-चार जल शोधन संयंत्र प्रभावित हैं और इनसे पेयजल मिलना कम हो गया है। द्वारका इलाके में शुक्रवार शाम तक पानी की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह जानने के लिए जांच की जरूरत है कि कहीं कोई गड़बड़ी तो नहीं हुई।

# पक्की नहर, कच्चा रखरखाव

संतोष कुमार सिंह ● जागरण

**नई दिल्ली:** दिल्ली को 36.7 प्रतिशत पानी उपलब्ध कराने वाली मूनक नहर की उप शाखा कैरियर लाइन चैनल (सीएलसी) का क्षतिग्रस्त होना चिंता की बात है। पक्की नहर के तटबंध के टूट जाने से इसके रखरखाव पर प्रश्न खड़े होते हैं। यह जिम्मेदारी हरियाणा के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन से नहर के इस हिस्से से रिसाव हो रहा था। जिसकी जानकारी दिल्ली जल बोर्ड को दी थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। दिल्ली की जल मंत्री इन आरोपों से इन्कार कर रही हैं।

सीएलसी नहर से बवाना की तरफ पानी के रिसाव का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। कहा जा रहा है कि यह वीडियो 27 जून का है। इसके साथ ही शरारती तत्वों द्वारा नहर को नुकसान पहुंचाने की भी आशंका जताई जा रही है। आसपास के कुछ लोग और बच्चे यहां नहाते थे। संभावना है कि नहर के पानी तक पहुंचने के लिए उन्होंने तटबंध को नुकसान पहुंचाया हो।

**सांसद ने कहा, जल बोर्ड व विधायक की है लापरवाही:** इसी नहर का एक हिस्सा (सोनीपत जिले में) पिछले वर्ष जून और अक्टूबर में भी टूट गया था, जिससे आसपास के क्षेत्रों में पानी भरने के साथ ही दिल्ली में कई दिनों तक पेयजल आपूर्ति बाधित रही थी। इस बार बवाना में नहर क्षतिग्रस्त हो गई। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि कई दिनों से हो रहे रिसाव की शिकायत जल बोर्ड के साथ ही बवाना के विधायक जय भगवान उपकार से भी की थी, परंतु उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इस लापरवाही से तटबंध टूट गया। इस आरोप पर विधायक जय भगवान उपकार से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका

**हरियाणा के साथ मिलकर की जाएगी जांच:** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का कहना है कि यदि रिसाव होता तो नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से के आसपास की मिट्टी भी गीली होती। अभी प्राथमिकता क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत कर समस्या दूर करने की है। इसके बाद हरियाणा के सिंचाई विभाग के साथ मिलकर नहर के क्षतिग्रस्त होने के कारण जानने के लिए जांच की जाएगी।

**जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान इसे किया गया था क्षतिग्रस्त:** फरवरी 2016 में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान मूनक नहर को नुकसान पहुंचाया गया था। इससे दिल्ली में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई थी। बाद में, सेना के सहयोग से पेयजल की आपूर्ति बहाल कराई गई थी।



मूनक नहर में दरार आने के बाद जलभराव वाले क्षेत्रों से गुजरते लोग ● प्रेट्र

**102** किमी लंबी पक्की नहर का निर्माण वर्ष 2003 से 2012 के बीच किया गया था

**2016** में जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान नहर हो गई थी क्षतिग्रस्त, पानी की आपूर्ति रही थी बाधित

| दिल्ली में पानी के स्रोत | |
|---|---|
| सीएलसी | 719 क्यूसेक |
| दिल्ली उप-शाखा (डीएसबी) | 330 क्यूसेक |
| यमुना नदी | 120 क्यूसेक |
| ऊपरी गंगा नहर | 470 क्यूसेक |
| शेष पानी रेनीवेल और ट्यूबवेल से | |

### वर्ष 2012 में तैयार हुई थी पक्की नहर

कच्ची नहर में रिसाव से पानी की बर्बादी को रोकने के लिए 2003 और 2012 के बीच 102 किमी लंबी पक्की नहर का निर्माण किया गया था। इसके लिए दिल्ली सरकार ने हरियाणा को लगभग पांच सौ करोड़ रुपये दिए थे। रखरखाव की जिम्मेदारी भी हरियाणा की है। इसके लिए दिल्ली सरकार पैसे देती है। इसके माध्यम से हरियाणा के करनाल स्थित मूनक रेगुलेटर से दिल्ली तक यमुना का पानी लाया जाता है।

### हरियाणा सरकार के साथ तालमेल में अभाव होने से दिल्ली में आ गई थी बाढ़

आइटीओ बैराज के रखरखाव की जिम्मेदारी भी हरियाणा के पास है। दिल्ली और हरियाणा सरकार में तालमेल नहीं होने के कारण बैराज का सही तरह से रखरखाव नहीं हो रहा था, जिससे उसके गेट के आसपास मिट्टी जम गई थी। इस कारण पिछले वर्ष जुलाई में दिल्ली में बाढ़ की समस्या भी उत्पन्न हुई थी।

## नहर क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति बाधित

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** कैरियर लाइन चैनल का तटबंध क्षतिग्रस्त होने से दिल्ली के कई क्षेत्रों में जल संकट उत्पन्न हो गया है। अगले दो से तीन दिन तक बवाना से लेकर द्वारका तक पानी की समस्या रह सकती है। इस नहर से हैदरपुर, बवाना, द्वारका और नांगलोई जल उपचार संयंत्र को पानी मिलता है। नहर की मरम्मत के लिए सीएलसी में पानी का बहाव रोक दिया गया है। इसके पानी को यमुना और दिल्ली सब ब्रांच में डाला जा रहा है। इससे चार डब्ल्यूटीपी प्रभावित हैं। जल मंत्री आतिशी का कहना है कि हैदरपुर, बवाना और नांगलोई डब्ल्यूटीपी में दूसरी नहर से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। बृहस्पतिवार रात तक इन तीनों संयंत्रों से पेयजल उपलब्धता सामान्य हो जाएगी। द्वारका डब्ल्यूटीपी पूरी तरह से सीएलसी के पानी पर निर्भर है। शुक्रवार शाम तक पानी उपलब्ध होने की उम्मीद है। द्वारका, मटियाला व आसपास पेयजल की किल्लत होगी।

| डब्ल्यूटीपी की क्षमता | |
|---|---|
| डब्ल्यूटीपी | क्षमता |
| द्वारका | 50 एमजीडी |
| हैदरपुर | 216 एमजीडी |
| नांगलोई | 40 एमजीडी |
| बवाना | 20 एमजीडी |

## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | |
|---|---|---|
| **बुलंदशहर** | | |
| आज का अनुमान | 65 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 75 | संतोषजनक |
| **शादीपुर** | | |
| आज का अनुमान | 98 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 88 | संतोषजनक |
| **आइटीओ** | | |
| आज का अनुमान | 89 | संतोषजनक |
| बृहस्पतिवार | 80 | संतोषजनक |
| **नरेला** | | |
| आज का अनुमान | 180 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 171 | मध्यम |
| **बवाना** | | |
| आज का अनुमान | 128 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 119 | मध्यम |
| **गुरुग्राम** | | |
| आज का अनुमान | 115 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 106 | मध्यम |
| **गाजियाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 137 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 128 | मध्यम |
| **ग्रेटर नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 121 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 112 | मध्यम |
| **फरीदाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 150 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 142 | मध्यम |
| **नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 110 | मध्यम |
| बृहस्पतिवार | 101 | मध्यम |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

दैनिक जागरण संगिनी
जिंदगी के हर पहलू की


पेरिस में फहरेगा तिरंगा देश की होनहार खिलाड़ी बेटियां जोश से हैं भरपूर


भारत आकर अच्छा लगा ऐसा क्यों कह रही हैं कंबोडिया की ली मुइलियांग


बहुत असमंजस में थी अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे किस बात के लिए कह रही हैं ऐसा

पढ़ें इस शनिवार

## फिर बढ़ा तापमान, उमस ने दिनभर किया परेशान

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** अच्छी वर्षा नहीं होने से राजधानी का तापमान तीन दिन में पांच डिग्री तक बढ़ गया है। बृहस्पतिवार को भी अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। दिन भर तेज धूप के चलते उमस का सामना करना पड़ा। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में बृहस्पतिवार को बादलों की आवाजाही बनी रही। अधिकतम औसत तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम औसत तापमान सामान्य स्तर पर 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 100 से 55 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस दौरान हवा की गति भी 25 से 35 किमी प्रति घंटे तक की रहेगी। इसके लिए यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

# नालों में कूड़ा फेंका तो लगेगा जुर्माना

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली में जलभराव के मद्देनजर एलजी वीके सक्सेना ने बृहस्पतिवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) की बैठक ली। एजेंसियों की बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग, पीडब्ल्यूडी, एमसीडी और एनडीएमसी को नालों से गाद तत्काल निकालने का निर्देश दिया। जाम नालों को साफ करने का भी निर्देश दिया। एमसीडी को नालों की निगरानी बढ़ाने और कूड़ा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाने का निर्देश दिया। बैठक में जल एवं राजस्व मंत्री आतिशी भी थीं।

एलजी ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि पुलों और अन्य गतिविधियों के निर्माण कार्य के कारण यमुना के प्रवाह में कोई बाधा न हो। शनिवार को डीडीए यमुना नदी का निरीक्षण करेगा। एलजी ने विशेष रूप से पीडब्ल्यूडी, रेलवे और एनसीआरटीसी को निर्देश दिया कि वे अपने सभी उपकरण और कचरे को जल्द से जल्द यमुना से हटा दें। उत्तरी दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज के पास यमुना में सीएंडडी कचरा हटाने का निर्देश दिया। यमुना में गिरने वाले 22 नालों के प्रबंधन के साथ ही इनकी आपरेटिंग और रेगुलेशन की जिम्मेदारी भी बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग को सौंपने का निर्देश दिया।



राजनिवास में डीडीएमए की बैठक लेते एलजी वीके सक्सेना ● सौजन्य : राजनिवास

### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

- संवेदनशील स्थानों पर स्थायी और अस्थायी पंप स्थापित किए जाएंगे और नियंत्रण कक्ष से चौबीसों घंटे निगरानी की जाएगी।
- सभी 22 प्रमुख नालों मे जमा गाद का आकलन तत्काल आधार पर किया जाएगा, सड़क और पुलिया साफ की जाएं।
- संबंधित एजेंसियां विफल रहती हैं तो डीडीए यमुना के आसपास मलबा हटाएगा और खर्च संबंधित एजेंसियों से वसूलेगा।
- सभी रेगुलेटर और बैराज गेटों को 24 घंटे सातों दिन आपरेटरों, इंजीनियरों और तकनीशियनों द्वारा संचालित किया जाएगा।
- बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग वर्षा के स्तर और हथनीकुंड बैराज से पानी के निर्वहन की निगरानी के लिए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से संपर्क में रहेगा।
- यमुना खतरे का निशान पार करे तो निचले इलाके में रहने वाले 25 हजार लोगों को निकालने के लिए राजस्व विभाग और संबंधित डीएम व्यवस्था करेंगे।
- स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ से उत्पन्न स्थिति और उसके बाद मच्छर जनित बीमारियों के प्रकोप से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्था करेगा।
- एजेंसियों को भारी वर्षा की स्थिति में राजधानी में जलभराव वाले हाटस्पाट पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।
- जल बोर्ड व डीएम विस्थापितों के लिए 24 घंटे पेयजल आपूर्ति और भोजन सुनिश्चित करेंगे।






## एक नजर में

### बृजभूषण के मामले में दो पुलिस अधिकारियों को समन

**नई दिल्ली:** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के पूर्व प्रमुख व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों द्वारा दायर मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दो पुलिस अधिकारियों को समन जारी कर 26 जुलाई को पेश होने का निर्देश दिया है। मामले में डब्ल्यूएफआइ के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर भी आरोपी हैं। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने दोनों पुलिस अधिकारियों को बयान दर्ज कराने के लिए 26 जुलाई के लिए समन जारी किया। (जासं)

### सीसीटीवी लगा रहे युवक पर फेंके ईंट-पत्थर

**लोनी:** बार्डर थाना की खड्डा कालोनी के निवासी अखिलेश ने क्षेत्र के सात लोगों के खिलाफ सीसीटीवी कैमरा लगाने के दौरान ईंट-पत्थर फेंकने का केस दर्ज कराया है। हमले में वह और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने पड़ोसी भूरा, शाहरूख, आजिव, अरवाज, शाजिव, शाजिद व आविद को नामजद कराया है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर लोनी थाना पुलिस ने पथराव कर घायल करने के आरोप में सभी नामजदों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संस)


# टायरों के प्रदूषण से मिलेगी निजात

## केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पुराने टायरों के निस्तारण को अलग से तैयार किया पोर्टल

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली

**नई दिल्ली :** वाहनों के पुराने टायर भविष्य में सांसों के लिए खतरा नहीं बनेंगे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने इस्तेमाल हो चुके टायरों के समुचित निस्तारण की कवायद शुरू कर दी है। बोर्ड ने टायर का उत्पादन और उन्हें रिसाइकिल करने वाली देश भर की सभी एजेंसियों को अगस्त के अंत तक सीपीसीबी में अपना पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ- साथ इस्तेमाल हो चुके टायरों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। इन टायरों का अगर निस्तारण ठीक तरह से नहीं किया जाए, तो वे इंसानी सेहत को खासा नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालांकि बीच- बीच में इस तरह की घटनाएं भी सामने आती रही हैं जिनमें टायरों को जला दिया जाता है। जलाते समय टायर से बहुत ही हानिकारक गैस निकलती हैं। यही कारण है कि बोर्ड ने पुराने टायरों के निस्तारण की उचित व्यवस्था बनाने के लिए अलग से एक पोर्टल (https://www.eprtyrescpcb.in) तैयार किया है। टायर का उत्पादन करने वाले और इसको रिसाइकिल करने वाली सभी एजेंसियों को इस पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।



निस्तारण की समुचित व्यवस्था न होने पर यही पुराने टायर बनते हैं समस्या • जागरण

**31** अगस्त तक टायर बनाने एवं उन्हें रिसाइकिल करने वाली देश की सभी एजेंसियों को पंजीकरण कराने के निर्देश

### टायर जलाने से स्वास्थ्य को होने वाला नुकसान

टायर की आग का धुआं आंखों, नाक और श्वसन पथ के लिए एक जलन पैदा करता है। टायर जलाने से निकलने वाला उत्सर्जन काफी जहरीला होता है। इनमें कई तरह के हानिकारक रसायन/पदार्थ होते हैं, जैसे कार्बन मोनोआक्साइड, सल्फर आक्साइड, वाष्पशील कार्बनिक यौगिक, डाइआक्सिन, बेंजीन और कई तरह की धातुएं। इनसे त्वचा और आंखों में जलन से लेकर पुरानी श्वसन समस्याओं और कैंसर के उच्च जोखिम तक की समस्या हो सकती है।

बोर्ड के निदेशक (वेस्ट मैनेजमेंट) आनंद कुमार के नोटिस में साफ कहा गया है कि हैजार्डस एंड अदर वेस्ट (मैनेजमेंट ट्रांस बाउंड्री मूवमेंट) अमेंडमेंट रूल्स 2022 के अनुसार 31 अगस्त तक सभी एजेंसियों का पंजीकरण इस पोर्टल पर हो जाना चाहिए। पंजीकरण के बाद हर तिमाही इन सभी को उत्पादित एवं निस्तारित टायरों की जानकारी उपरोक्त पोर्टल पर देनी होगी। इससे पुराने टायरों का निस्तारण समुचित प्रक्रिया द्वारा किए जाने को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

सीपीसीबी अधिकारियों के अनुसार व्यवस्था बन जाने के बाद जवाबदेही तय हो जाएगी। टायर बनाने व रिसाइकिल करने वाली फर्मों की एक जवाबदेही यह भी तय होगी कि इस्तेमाल हो चुके टायर कहीं भी जलाएं नहीं बल्कि उनका यथोचित ढंग से निस्तारण सुनिश्चित हो सके। इस कार्य में हीलाहवाली बरते जाने पर जुर्माना लगाने सहित कड़ी कार्रवाई का भी प्रविधान रहेगा।

# वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से निपटने को बनेगी दोहरी रणनीति

- सौर ऊर्जा से चलने वाले ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे और वर्टिकल फारेस्ट का होगा क्रियान्वयन
- घर के अंदर का तापमान कम करने के लिए छतों को ताप-परावर्तक पेंट से रंगने की योजना

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए दिल्ली सरकार दोहरी रणनीति पर विचार कर रही है। इनमें सौर ऊर्जा से चलने वाले ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे और ऊर्ध्वाधर वनों (वर्टिकल फारेस्ट) का तेजी से क्रियान्वयन शामिल है।

अन्य नवोन्मेषी विचारों में लैंप पोस्ट, पार्किंग स्थलों और पेट्रोल स्टेशनों को उपयोग करके चार्जिंग साइट और बैटरी-स्वैपिंग स्टेशन बनाना शामिल है। एक अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा फास्ट-चार्जिंग फ्रंक्शन, सार्वजनिक वाई-फाई के संयोजन वाला "स्मार्ट पोल" जल्द ही दिल्ली में एक वास्तविकता बन सकता है। इन विचारों पर जून में जलवायु परिवर्तन पर दिल्ली की राज्य-स्तरीय संचालन समिति की बैठक में चर्चा की गई थी। जलवायु परिवर्तन पर सरकार की नई कार्ययोजना में भी इसे शामिल किए जाने की संभावना है।

सरकार राष्ट्रीय राजधानी में व्हीकल-टू-ग्रिड (वी2जी) तकनीक लागू करने की संभावना भी तलाश रही है। यह तकनीक ऊर्जा उत्पादन और खपत में भिन्नता को संतुलित करते हुए इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरी से ऊर्जा को पावर ग्रिड में वापस भेजती है। वायु प्रदूषण को कम करने के साधन के रूप में ऊर्ध्वाधर जंगलों या घने वनस्पतियों से घिरे आवासीय टावरों की अवधारणा ने भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। अधिकारी ने कहा कि दिल्ली सरकार घर के अंदर के तापमान को कम करने के लिए छतों को सफेद ताप-परावर्तक पेंट से रंगने के अभियान की भी योजना बना रही है। यह प्रयास भीषण गर्मी के दौरान कमजोर आबादी पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने की सरकार की योजना का हिस्सा है। दिल्ली सरकार 2035-2040 तक शून्य-उत्सर्जन बस बेड़े में पूर्ण परिवर्तन पर विचार कर रही है।

वर्तमान में, दिल्ली में 1,650 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं, जो सभी भारतीय शहरों में सबसे अधिक हैं। सरकार का लक्ष्य 2025 के अंत तक दिल्ली में 8,000 से अधिक ई-बसों का संचालन करना है। दिल्ली का लक्ष्य इस वर्ष जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक नई कार्य योजना लागू करना है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि अंतिम मसौदा तैयार है और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय को भेजे जाने से पहले शहर सरकार के पर्यावरण मंत्री की मंजूरी का इंतजार है।

2010-2020 की अवधि के लिए दिल्ली की पिछली जलवायु कार्य योजना, जिसे सात साल के परामर्श के बाद 2019 में अंतिम रूप दिया गया था, अब पुरानी हो चुकी है। एक नई योजना पर काम 2021 में शुरू हुआ, पहला मसौदा 2022 में पूरा हुआ। परामर्श को अंतिम रूप देने और योजना को बेहतर बनाने में लगभग दो साल लग गए।

## 150 करोड़ रुपये से एनसीआर की वायु गुणवत्ता में होगा सुधार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर की खतरनाक वायु गुणवत्ता को सुधारने के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने पर्यावरण संरक्षण शुल्क (ईपीसी) के रूप में वसूल की गई धनराशि में से 150 करोड़ रुपये खर्च करेगा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में दाखिल रिपोर्ट में डीपीसीसी ने कहा कि कच्ची सड़कें पीएम-10 उत्सर्जन का एक स्रोत हैं। यह सड़कें एक बड़े क्षेत्र की वायु गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। सीपीसीबी के एक अध्ययन में यह सामने आया कि पक्की सड़क की तुलना में कच्ची सड़क पर पीएम-10 उत्सर्जन 38 प्रतिशत अधिक रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में पंजीकृत 2000 सीसी और उससे अधिक इंजन क्षमता वाले डीजल वाहनों पर एक प्रतिशत ईपीसी लगाया जाता है। सीपीसीबी इस धनराशि को एक अलग बैंक खाते में जमा करता है। एक समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट पर संज्ञान लेकर एनजीटी ने सीपीसीबी को प्रत्येक पर्यावरणीय घटक पर पर्यावरण मुआवजे और ईपीसी फंड के उपयोग पर एक व्यापक योजना प्रस्तुत करने को कहा था। रिपोर्ट में 18 एनसीआर शहरों के लिए एनसीएपी माडल के अनुरूप शहर विशिष्ट कार्य योजनाएं तैयार की जाएंगी।

वर्ष 2024-25 में 18 शहरों के लिए ईपीसी फंड से 150 करोड़ रुपये आवंटित करने के बाद ईपीसी राशि का 3/4 हिस्सा, यानी लगभग 40-45 करोड़ हर साल आवंटित करने का प्रस्ताव है।

# एम्स में एक तरफ आइपीडी और दूसरी तरफ होगी ओपीडी

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** एम्स में मस्जिद मोठ के पास नए सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लाक के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी और 21 माह में बहुमंजिला सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लाक बनकर तैयार हो जाएगा। तब एम्स के मुख्य परिसर में एक तरफ आइपीडी (इमरजेंसी पेशेंट डिपार्टमेंट) व इमरजेंसी सेवाएं चलेंगी और मस्जिद मोठ के पास पूरी ओपीडी सेवा स्थानांतरित हो जाएंगी। इससे मरीजों के इलाज में आसानी होगी। मौजूदा समय में मस्जिद मोठ के पास के ओपीडी ब्लाक में मुख्य अस्पताल की ओपीडी चलती है। वहीं हृदय व न्यूरो की ओपीडी संस्थान के मुख्य परिसर में बने कार्डियक न्यूरो सेंटर (सीएनसी) में चलती है। कैंसर की ओपीडी कैंसर सेंटर और आंखों की ओपीडी आरपी सेंटर में होती है। इन तीनों सेंटर में ओपीडी के साथ आइपीडी की सुविधा भी है। इन तीनों सेंटर पर मरीजों का दबाव अधिक रहता है, जिससे यहां जगह कम पड़ जाती है। इसलिए 445.60 करोड़ से मस्जिद मोठ स्थित ओपीडी ब्लाक के पास नया सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक बनाया जाना है। केंद्र सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद एम्स ने एचएससीसी (हास्पिटल सर्विस कंसल्टेंसी कारपोरेशन लिमिटेड) को इसके निर्माण की जिम्मेदारी दे दी है। एचएससीसी ने मार्च में टेंडर प्रक्रिया शुरू की थी, जो अंतिम चरण में है। जल्दी ही इसका शिलान्यास किया जाएगा। ब्लाक बनने के बाद सीएनसी, कैंसर सेंटर व आरपी सेंटर की ओपीडी भी मस्जिद मोठ के पास इस ब्लाक में आ जाएगी। इसके बाद सीएनसी, कैंसर सेंटर व आरपी सेंटर में सिर्फ आइपीडी चलेगी। एम्स में आइपीडी व ओपीडी अगल-अलग हो जाएंगी।


एम्स अस्पताल • जागरण आर्काइव

- सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी ब्लाक के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया है अंतिम चरण में
- सीएनसी, कैंसर व आरपी सेंटर की ओपीडी मस्जिद मोठ हो जाएगी स्थानांतरित

# लास्ट माइल कनेक्टिविटी को चलेंगे अतिरिक्त ई-आटो

**राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली:** राजधानी में लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) जल्द ही 1,136 अतिरिक्त ई-आटो का संचालन करेगा। ये ई-आटो दिल्ली के विभिन्न मेट्रो स्टेशन और इसके आसपास के क्षेत्रों में चलाए जाएंगे। ताकि मेट्रो स्टेशन से यात्री अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकें। इन ई-आटो के परिचालन की प्रक्रिया चल रही है। डीएमआरसी का दावा है कि करीब तीन महीने में ये ई-आटो सड़क पर उतर जाएंगे। वर्तमान में 1,163 ई-आटो संचालित किए जा रहे हैं।

### ई-आटो की होगी जीपीएस फेंसिंग

डीएमआरसी के इस दावे के बीच मेट्रो स्टेशनों से ई-आटो को उपलब्धता कराना सबसे बड़ी चुनौती है। डीएमआरसी का कहना है कि ई-आटो की जीपीएस फेंसिंग की जाएगी, जिसके जरिये दिल्ली मेट्रो लास्ट माइल सर्विस लिमिटेड कंपनी इन पर नजर रखेगी। इसके साथ ही समीक्षा करेगी कि कितनी बार ई-आटो निर्धारित सीमा से अलग दूसरी जगहों पर गए। ताकि मेट्रो के यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

### परिवहन विभाग ने 2,299 ई-आटो चलाने की दी मंजूरी

डीएमआरसी का कहना है कि मेट्रो स्टेशनों से लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए परिवहन विभाग ने डीएमआरसी को 2,299 ई-आटो चलाने की स्वीकृति दी है। इसमें से वर्तमान में 1,163 ई-आटो विभिन्न स्टेशनों से चल रहे हैं, जिसमें 306 ई-आटो महिलाएं चला रही हैं। शेष 1,136 ई-आटो का परिचालन जल्द शुरू किया जाएगा।

एनसीआर में मेट्रो का नेटवर्क करीब 392 किलोमीटर का है। मेट्रो से आवागमन की सुविधा बेहतर हुई है, लेकिन अब भी मेट्रो स्टेशनों पर उतरने के बाद यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी पेश आती है।

लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए डीएमआरसी ने कुछ वर्ष पहले करीब 400 एसी बसें खरीदने की पहल की थी, लेकिन बजट नहीं मिलने से यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। बाद में, डीएमआरसी ने सिर्फ 100 इलेक्ट्रिक एसी बसें खरीदीं, लेकिन इससे भी सुधार नहीं हुआ। अब इन बसों की कमान दिल्ली परिवहन निगम के पास है।

**दिल्ली नगर निगम**

राजमाता विजयाराजे सिंधिया नर्सिंग स्कूल
स्वामी दयानंद अस्पताल, दिलशाद गार्डन, दिल्ली–110095

**विज्ञापन**

3 साल के जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी प्रशिक्षण सत्र 2024–25 के लिए केवल महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विवरण वेबसाइट https://www.mcdonline.nic.in और https://admission.mcd.gov.in पर 13.07.2024 से 22.07.2024 तक उपलब्ध है।

आरओ नं. 17/डीपीआई/वि.प.नि./2024–25 — चिकित्सा अधीक्षक

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय**
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56–57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

विज्ञ. सं. 08/2024 — दिनांक 11–07–2024

**ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण**

शैक्षणिक सत्र 2024–2025 के लिए आवश्यकता के अनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के विभिन्न परिसरों में भिन्न भिन्न विषयों के अतिथि संकायों की व्यवस्था करने हेतु ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों की संख्या, आवेदन जमा करने, अनुसूची, पात्रता शर्तों आदि के विषय में विस्तृत अधिसूचना के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sanskrit.nic.in के भर्ती शीर्ष देखें। — कुलसचिव




**नोएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्तें नोएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

ए) प्रोस-टेण्डर कार्य:-

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 06/उ.म.प्र./व.प्र. (व.स.–1)/ 2024-25 | सैक्टर–96 में प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य (सैक्टर–96 में मुख्य प्रशासनिक भवन में रैट्रोफिटिंग का कार्य), नोएडा। | 2955.28 |
| 2 | 09/उ.म.प्र./व.प्र. (व.स.–7)/ई०नि० /2024-25 | सड़कों का अनुरक्षण (सिंचाई नाले के साथ एन०एस०सी०जेड० मैट्रो स्टेशन से सिंचाई नाले तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स एवं नाली का अनुरक्षण कार्य), नोएडा। | 145.16 |
| 3 | 11/उ.म.प्र./व.प्र. (व.स.–7)/ई०नि० /2024-25 | सड़कों का अनुरक्षण (सैक्टर–63 में बी–06 से सिंचाई नाले तक 45.00 मी० चौड़ी रोड पर आर०सी०सी० फुटपाथ इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य एवं नाली की मरम्मत का कार्य), नोएडा। | 163.32 |
| 4 | 07/उ.म.प्र./व.प्र. (व.स.–8)/ई०नि० /2024-25 | सड़कों का अनुरक्षण (सैक्टर–92 में जनपथ मार्ग पर सैक्टर–82, 92 व 93 के चौराहे से सिंचाई नाले तक आर०सी०सी० फुटपाथ का पुनः निर्माण कार्य), नोएडा। | 133.74 |
| 5 | 08/उ.म.प्र./व.प्र. (व.स.–8)/ई०नि० /2024-25 | सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य (राजीव कॉलोनी से सैक्टर–101 मैट्रो स्टेशन तक सिंचाई नाले के साथ मार्ग पर डी०बी०एम० एवं बी०सी० का कार्य), नोएडा। | 129.07 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 25.07.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 26.07.2024 को 11.00 बजे खोली जाएगी।

बी) रि-टेण्डर कार्य:-


| क्र. सं | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 6 | 01/उ.म.प्र./व.प्र. (व.स.–8)/ई०नि० /2024-25 | सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य (सैक्टर–142 में आन्तरिक मार्गों पर बी.सी. का कार्य), नोएडा। | 156.74 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 18.07.2024 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 19.07.2024 को 11.00 बजे खोली जाएगी।

उप-महाप्रबन्धक (सिविल)
नोएडा

स्वच्छ, हरित, सप्तुशल, सुरक्षित नोएडा



हरियाणा सरकार



“गांवों के विकास से जुड़े हर कार्य में पंचायत की अहम भूमिका होती है। सशक्त पंचायतें हमारे समृद्ध गांवों की पहचान हैं। हमारा ध्येय इनके अधिकारों में वृद्धि करके इन्हें और सक्षम बनाना है।”

– नायब सिंह

“हमारी सरकार पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने और लोगों के सपनों को पंख देने के लिए काम करती रहेगी।”

– नरेन्द्र मोदी




# ग्रामीण विकास में सशक्त पंचायतें बन रही आधार

## राज्य स्तरीय पंचायत सम्मेलन

दिनांक – 12 जुलाई, 2024 । समय – दोपहर 2:00 बजे

स्थान – इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर-5, पंचकूला



मुख्य अतिथि

**श्री नायब सिंह**

मुख्यमंत्री, हरियाणा

अध्यक्षता

**श्री महिपाल ढांडा**

राज्य मंत्री, विकास एवं पंचायत (स्व.प्र.), हरियाणा

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

**विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

********

## एक नजर में

### यासीन मलिक मामले की सुनवाई से जज हुए अलग

**नई दिल्ली :** आतंकियों को फंडिंग मामले में अलगाववादी नेता यासीन मलिक के लिए मौत की सजा की मांग करने वाली एनआइए की याचिका पर सुनवाई से दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने खुद को अलग कर लिया है। यह मामला गुरुवार को न्यायाधीशों के रोस्टर में बदलाव के बाद न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया। (जासं)

### ईडी के सामने पेश नहीं हुई जैकलीन फर्नांडिस

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुई। ईडी पहले भी अभिनेत्री से फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह सहित हाई-प्रोफाइल लोगों से पूछताछ कर चुकी है। (जासं)

### 100 दिवसीय एजेंडे के तहत लागू होगा ई-आफिस

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है कि 100 दिवसीय एजेंडे के तहत भारत सरकार के सभी संलग्न, अधीनस्थ कार्यालयों और स्वायत्त निकायों में ई-आफिस लागू किया जाएगा। इसके लिए कुल 133 कार्यालयों और निकायों की पहचान की गई है। वर्ष 2019-2024 के दौरान केंद्रीय सचिवालय में ई-आफिस को अपनाने में उल्लेखनीय गति आई। (प्रेट्र)

# बढ़ती आत्महत्याओं को सर्वोच्च अदालत ने बताया सामाजिक मुद्दा, केंद्र से मांगा जवाब

### केंद्र को दिया चार हफ्ते का समय, याचिका में आत्महत्या की सोच वालों के लिए हेल्पलाइन की मांग

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या को सामाजिक मुद्दा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आत्महत्याओं की रोकथाम एवं उसमें कमी लाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र से जवाब दाखिल करने को कहा। इसके लिए सरकार को चार हफ्ते का समय दिया गया है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता एवं वकील गौरव कुमार बंसल की उस दलील पर संज्ञान लिया कि आत्महत्या के मामलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए प्रभावी कदमों की जरूरत है और केंद्र को विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'यह सामाजिक मुद्दा है, उन्हें (केंद्र एवं अधिकारियों को) जवाबी हलफनामा दाखिल करने दीजिए।'

कोर्ट ने याचिका पर दो अगस्त, 2019 को केंद्र और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किए थे। याचिका में आत्महत्या की सोच वाले व्यक्तियों को काल सेंटर एवं हेल्पलाइन के जरिये मदद व परामर्श उपलब्ध कराने की परियोजना शुरू करने के लिए सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश देने की मांग भी की गई हैं।



### हाथरस भगदड़ पर सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई

नई दिल्ली, प्रेट्र : सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें हाथरस में हाल में हुई भगदड़ की जांच की मांग की गई है। याचिका में दो जुलाई की भगदड़ की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की नियुक्ति की मांग की गई है। इस भगदड़ में 121 लोग मारे गए थे। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड 12 जुलाई की कार्यसूची के अनुसार, याचिका प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ समक्ष सुनवाई के लिए आएगी। अधिवक्ता विशाल तिवारी द्वारा दायर याचिका में घटना पर उप्र सरकार को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने एवं लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू करने की मांग भी की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त होने वाले मणिपुर के पहले जज होंगे जस्टिस एन कोटिस्वर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने हाई कोर्ट के दो वरिष्ठ न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति दिए जाने की सिफारिश की है। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कलेजियम ने पदोन्नति के लिए हाई कोर्ट के जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह व आर महादेवन के नामों की सिफारिश की है। नियुक्ति के बाद जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने वाले मणिपुर राज्य के पहले न्यायाधीश होंगे।

कलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में उनकी नियुक्ति से उत्तर-पूर्व को प्रतिनिधित्व मिलेगा। जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह वर्तमान में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश हैं, जस्टिस महादेवन मद्रास हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश हैं।

## 16 राज्यों के मुख्य व वित्त सचिवों को समन

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** न्यायिक अधिकारियों को पेंशन बकाये व अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान पर दूसरे राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशों के गैर-अनुपालन पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने 16 राज्यों के मुख्य एवं वित्त सचिवों को समन जारी करने का आदेश दिया। एसएनजेपीसी की सिफारिशों का अनुपालन नहीं किए जाने पर नाखुशी जाहिर करते हुए सीजेआइ चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा, 'हमें पता है कि अब अनुपालन कैसे कराना है। अगर हम सिर्फ यह कहेंगे कि अगर हलफनामा दायर नहीं किया तो मुख्य सचिव को पेश होना होगा, तो यह दायर नहीं होगा।' पीठ ने आंध्र प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, केरल, मेघालय, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मणिपुर, ओडिशा एवं राजस्थान के शीर्ष अधिकारियों को 23 अगस्त को पेश होने को कहा है। साथ ही 20 अगस्त तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा।

## बिहार में पत्रकार की हत्या के आरोपित को गोली मारी

**जासं, रानीगंज (अररिया) :** बिहार के अररिया जिले में पत्रकार विमल हत्याकांड सहित लूट, आर्म्स एक्ट और शराब तस्करी के मामलों में नामजद आरोपित भवेश यादव बुधवार की देर रात गैंगवार में मारा गया। बदमाशों ने रानीगंज थाना क्षेत्र में वारदात को अंजाम दिया। इस घटना में उसके सहयोगी रजनीश यादव को भी गोली लगी है। उसका उपचार चल रहा है।

बता दें, दैनिक जागरण के पत्रकार विमल यादव हत्याकांड में भवेश यादव नामजद आरोपित था। गत वर्ष 18 अगस्त विमल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसमें भवेश सहित नौ को आरोपित बनाया गया था। विमल बड़े भाई गप्पू यादव की 2019 में हुई हत्या मामले गवाह था।

## अमृतसर में हिंदू नेता को मारी गोलियां

**जासं, अमृतसर :** पंजाब के अमृतसर में बुधवार रात को दो नकाबपोश बदमाशों ने भगवा सेना के जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें गुरु नानक देव अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद भागते हुए दो नकाबपोश हमलावर दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। थाना सदर की पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के लोग गुरु नानक देव अस्पताल में जमा हो गए।

# चीन से पाक ले जाई जा रही घातक रसायन की खेप जब्त

- चेन्नई पोर्ट पर पकड़े गए 2560 किलो विस्फोटकों के 103 ड्रम
- लिखापढ़ी में प्रतिबंधित रसायन का नहीं था कोई जिक्र

**चेन्नई, प्रेट्र :** भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के लिए भेजी जा रही चीन की एक खेप को जब्त कर लिया है। इसमें टीयर गैस और दंगा नियंत्रण में इस्तेमाल होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित केमिकलों को ले जाया जा रहा था। गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि भारतीय अधिकारियों ने चेन्नई के बंदरगाह पर चीनी जहाज में लदे बड़े पैमाने पर तबाही करने वाले इस सामान को जब्त कर लिया। इसे पाकिस्तान के जैविक व रासायनिक युद्धक कार्यक्रम में इस्तेमाल करने के लिए ले जाया जा रहा था।

भारतीय कस्टम अधिकारियों के अनुसार विगत 18 अप्रैल, 2024 को चीन के शंघाई बंदरगाह से यह जहाज (साइप्रस के झंडे तले) रवाना हुआ था। हुंडई शंघाई नाम के इस मालवाहक जलपोत में 25 किलो के 103 ड्रमों में 2560 किलो की रासायनिक खेप थी। अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान पर अपने मित्र देश चीन के साथ मिलकर घातक रासायनिक और जैविक युद्धक कार्यक्रमों पर काम करने का आरोप है। इसीलिए चीन की शेगदू शीचैन ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड ने रावलपिंडी के डिफेंस सप्लायर 'रोहेल इंटरप्राइज' के लिए एक जहाज से 'आर्थो-क्लोरो बेंजीलायडेन मलोनोनाइट्राइल' की खेप बड़ी तादाद रवाना की थी। लेकिन जब कराची जाने वाला यह जहाज तमिलनाडु के बंदरगाह कट्टूपल्ली पहुंचा तो भारत के कस्टम अधिकारियों ने रुटीन जांच में देखा कि खेप में 'स्कोमेट' ले जाई जा रही है जो जिसका निर्यात भारत की नियंत्रण सूची में है। लेकिन जब विशेषज्ञों की मदद ली गई तो पता चला कि जहाज की खेप में ले जाया जा रहा केमिकल 'आर्थो-क्लोरो बेंजीलायडेन मलोनोनाइट्राइल' है जो वासेनार समझौते के तहत सूचीबद्ध है। ध्यान रहे कि भारत ने वासेनार समझौते पर दस्तखत किए हैं लेकिन चीन और पाकिस्तान ने नहीं किए हैं।



तमिलनाडु में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जब्त प्रतिबंधित रसायन के ड्रम • प्रेट्र

# आतंकी हमलों और घुसपैठ को नाकाम बनाएगा 'त्रिस्तरीय घेरा'

- जम्मू-कश्मीर, पंजाब पुलिस और बीएसएफ ने बनाई रणनीति
- कठुआ में अंतरराज्यीय सुरक्षा बैठक में घुसपैठ की जताई आशंका

**जागरण संवाददाता, कठुआ :** जम्मू संभाग में पिछले एक माह में कठुआ सहित पांच आतंकी हमले, बढ़ती आतंकी गतिविधियां और सीमा पार से होने वाली घुसपैठ को अब जम्मू-कश्मीर पुलिस, पंजाब पुलिस और बीएसएफ मिलकर नाकाम बनाएगी।

दोनों राज्यों की पुलिस व बीएसएफ का त्रिस्तरीय घेरा कठुआ जिला और पंजाब से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा से लेकर भीतरी हिस्सों तक पूरे क्षेत्र में आतंकियों का काल बनेगा। गुरुवार को कठुआ पुलिस लाइन में दोनों राज्यों की पुलिस व बीएसएफ के उच्चाधिकारियों की अंतरराज्यीय सुरक्षा समीक्षा बैठक हुई। इसमें सीमा पर घुसपैठ की आशंका जताते हुए आतंकी गतिविधियों से निपटने को संयुक्त रणनीति तैयार की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन, पंजाब के डीजीपी गौरव यादव व बीएसएफ के विशेष महानिदेशक (पश्चिमी कमान) वाई बी खुरानिया शामिल हुए।

## भजन गाते मंच पर गिरे अतिरिक्त जिलाधीश, मौत

**जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर:** ओडिशा के गजपति जिले में बुधवार की शाम को सरकारी अधिकारियों के मिलन कार्यक्रम में भजन गाने के दौरान अतिरिक्त जिलाधीश (एडीएम, राजस्व) वीरेन्द्र कुमार दास की मौत हो गई। वह मंच पर भजन गाने के दौरान बेहोश होकर गिर पड़े, फिर उन्हें इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बरहामपुर एमकेसीजी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हुई। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

# शंभू बार्डर पर बैरिकेड हटाने का रिस्क नहीं लेगी हरियाणा सरकार

अनुराग अग्रवाल • जागरण

- बैरिकेड हटाने के हाई कोर्ट के निर्णय के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने की तैयारी
- पंजाब सरकार से वार्ता कर किसानों को दिल्ली कूच से मनाने की होगी कोशिश

**चंडीगढ़ :** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने भले ही अंबाला के निकट शंभू बार्डर को खोलने का आदेश दिया है, लेकिन हरियाणा सरकार के लिए आदेश का अनुपालन आसान नहीं है। हरियाणा सरकार को डर है कि यदि बैरिकेड हटाकर रास्ता साफ कर दिया गया तो पंजाब के किसान फिर दिल्ली की तरफ कूच कर सकते हैं। सरकार के पास ऐसी रिपोर्ट है कि बैरिकेड हटाते ही आंदोलनकारी किसान अपने निजी वाहनों के बजाय ट्रैक्टर-ट्रालियों से ही दिल्ली की तरफ कूच करने की जिद करेंगे। अगर ऐसा हुआ तो हरियाणा सरकार के लिए कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालना मुश्किल हो जाएगा और शंभू बार्डर पर दोबारा फिर बैरिकेड लगाने पड़ सकते हैं।

हरियाणा में वैसे भी अक्टूबर माह में विधानसभा चुनाव हैं। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सरकार तमाम तरह के विकल्पों पर विचार-विमर्श कर रही है। सरकार के पास दो प्रमुख विकल्प हैं। पहला यह कि पंजाब सरकार से बातचीत की जाए और आंदोलनकारी किसानों को इस बात के लिए राजी किया जाए कि वे दिल्ली की तरफ कूच ना करें। यदि किसान दिल्ली जाना ही चाहते हैं तो वे बसों, कारों अथवा रेलगाड़ी से प्रस्थान करें। इसके लिए पंजाब सरकार को आंदोलनकारी किसानों के साथ वार्ता करनी होगी। उन्हें इसके लिए मनाना होगा कि वे जत्थों की बजाय प्रतिनिधिमंडल के रूप में केंद्र सरकार के पास वार्ता के लिए जाएं, जिसे मानना आसान नजर नहीं आ रहा है। हरियाणा सरकार के पास दूसरा विकल्प यह है कि वह सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाए। इसके लिए सरकार एडवोकेट जनरल की भी राय ले रही है।

### शंभू बार्डर के लिए नई रणनीति बनाने में जुटे किसान संगठन

**जासं, पटियाला :** शंभू बार्डर पर महीनों से धरने पर बैठे किसान हाई कोर्ट के आदेश के बाद नई रणनीति बनाने में जुटे हैं। किसान संगठनों ने 13 जुलाई को संयुक्त बैठक कर कोई फैसला लेने की बात कही है, लेकिन माना जा रहा है कि वे शंभू बार्डर खुलने के बाद दिल्ली की ओर शांतिपूर्वक कूच करेंगे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वह शुक्रवार को खनौरी (संगरूर) में बैठक करेंगे। कहा कि एसआइटी 17 जुलाई को खनौरी का दौरा करेगी।

## आइसीएआइ ने किए सीए परीक्षा के नतीजे घोषित

**मिड-डे, मुंबई :** इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आइसीएआइ) ने गुरुवार को मई 2024 में आयोजित सीए परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। भिवंडी के कुशाग्र राय ने आइसीएआइ सीए इंटरमीडिएट मई 2024 के परिणामों में प्रभावशाली 89.67 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए देशभर में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

ग्रुप 1 के लिए आइसीएआइ सीए इंटर परीक्षा तीन, पांच और नौ मई को आयोजित की गई थी, जबकि ग्रुप 2 परीक्षा 11, 15 और 17 मई को हुई थी। सीए फाइनल ग्रुप 1 परीक्षा दो और चार मई को आयोजित की गई थी।

संबंधित >> जागरण सिटी






# ओली ने इंग्लैंड को पहुंचाया ट्राफी के करीब

## इंग्लिश टीम ने सेमीफाइनल में नीदरलैंड्स को 2-1 से हराया खिताब के लिए स्पेन से होगी टक्कर

**डार्टमंड, एपी :** नीदरलैंड्स के विरुद्ध एक गोल से पिछड़ने के बाद अंतिम मिनटों में नाटकीय जीत दर्ज करते हुए इंग्लैंड ने गुरुवार देर रात खेले गए सेमीफाइनल में 2-1 से जीत दर्ज करते हुए लगातार दूसरी बार यूरो कप के फाइनल में जगह बनाई। इस जीत ने किंग चार्ल्स तृतीय को भी रोमांचित कर दिया। दूसरे हाफ में गेरेथ साउथगेट ने कप्तान हैरी केन की जगह वाटकिंस को उतारने का साहसिक फैसला किया। कहावत है कि भाग्य भी साहसी लोगों का साथ देता है और हुआ भी ऐसा ही। वाटकिंस ने स्टापेज टाइम के पहले ही मिनट में गोल कर टीम की जीत की पटकथा लिख दी। अब बर्लिन में इंग्लिश टीम लामिने यमाल की टीम से भिड़ेगी। इंग्लैंड पहली बार विदेश में फाइनल खेलेगा। उसने 1966 विश्व कप वेंबले स्टेडियम पर जीता था और यूरो 2020 का फाइनल भी वहीं खेला गया था, जिसमें उसे इटली ने हराया था।

1966 में विश्व कप जीतने के बाद इंग्लैंड टीम अपने दूसरे खिताब के इतने करीब है और इससे इंग्लैंड में राजा से लेकर जनता तक रोमांचित है। सेमीफाइनल में मिली जीत के बाद किंग चार्ल्स तृतीय ने अपने संदेश में कहा, अगर मैं आपको अंतिम क्षण में आश्चर्यजनक गोल या पेनाल्टी शूटआउट ड्रामा की जरूरत पड़ने से पूर्व प्रोत्साहित कर पाऊंगा तो मुझे यकीन है कि इससे देश के लोगों की हृदयगति और रक्तचाप कम होगा। नाकआउट चरण में इंग्लैंड ने प्री क्वार्टर फाइनल में स्टापेज टाइम में जूड बेलिंघम के गोल से ही स्लोवाकिया को हराया था, जबकि क्वार्टर फाइनल में उसने पेनाल्टी शूटआउट में स्विट्जरलैंड को बाहर किया था।


जीत के बाद इंग्लैंड के कोच गेरेथ साउथगेट भी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए और इस तरह उन्होंने जश्न मनाया ● एएफपी

**साउथगेट का मास्टर स्ट्रोक :** मैच के आठवें मिनट में ही 21 वर्षीय जावी सिमंस ने गोल कर नीदरलैंड्स को बढ़त दिलाई और यूरो कप में नीदलैंड्स की ओर से गोल दागने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गए। लेकिन 10 मिनट बाद ही इंग्लैंड को वापसी का मौका मिला, जब बाक्स के भीतर डेंजल डलफ्रीज का पैर हैरी केन को लगा और इंग्लैंड के कप्तान ने पेनाल्टी की मांग की। रेफरी ने टीवी रिव्यू देखने के बाद इंग्लैंड को पेनाल्टी दी और बड़े मैचों के बड़े खिलाड़ी केन ने गोल कर टीम के बराबरी पर ला खड़ा किया। केन टूर्नामेंट में तीन गोल दागने वाले छठे खिलाड़ी भी बन गए। दूसरे हाफ में बुकायो साका ने भी फुटबाल को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया था, लेकिन रेफरी ने इसे अमान्य करार दिया। केन की जगह साउथगेट ने 80वें मिनट में जब वाटकिंस को उतारने का फैसला किया तो सभी को हैरानी हुई, क्योंकि वह इससे पहले यूरो चैंपियनशिप में डेनमार्क के विरुद्ध ग्रुप मैच में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे थे। वाटकिंस ने पाल्मेर के क्रास पर गोल किया और साउथगेट का उन्हें उतराना मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ। मैच के एस्टन विला के स्ट्राइकर वाटकिंस ने कहा, मैंने इस पल का लंबे समय से इंतजार किया था। यहां तक पहुंचने के लिए मैंने काफी मेहनत की है। गेरेथ ने मुझे अवसर दिया, जिसे मैंने दोनों हाथों से भुनाया।

> यह काफी कठिन मैच था, लेकिन अब फाइनल मुकाबला और कठिन होने वाला है। स्पेन को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम माना जाता है, लेकिन हम इतिहास रचने से केवल एक मैच दूर हैं।
> – **हैरी केन**, कप्तान, इंग्लैंड

**1966** में फुटबाल विश्व कप जीतने के बाद से कोई बड़ा खिताब नहीं जीत पाई है इंग्लैंड की टीम


ओली वाटकिंस ● एएफपी

गेंद रखी: 59% – 41%

| इंग्लैंड | | नीदरलैंड्स |
|---|---|---|
| 9 | कुल शाट | 7 |
| 5 | आन टारगेट | 2 |
| 589 | कुल पास | 414 |
| 3 | पीला कार्ड | 3 |
| 0 | कार्नर | 3 |

**गोल**
इंग्लैंड 2 – केन (18वां मिनट, पेनाल्टी), ओली (90वां मिनट)
नीदरलैंड्स 1 – जावी सिमंस (आठवां मिनट)

### फाइनल में रेफरी होंगे फ्रांस के लेटेक्सियर

**बर्लिन, एपी :** रविवार को यूरो कप फाइनल मैच में यूएफा ने फ्रांस के फ्रांस्वा लेटेक्सियर को रेफरी चुना है। 35 वर्षीय लेटेक्सियर यूरो कप फाइनल में उतरने वाले सबसे युवा रेफरी होंगे। पिछले तीन यूरो कप फाइनल में रेफरी की आयु क्रमश : 48, 41, और 41 वर्ष रही थी। इस टूर्नामेंट में लेटेक्सियर में स्पेन-जार्जिया समेत तीन मैचों में रेफरिंग कर चुके हैं।

## 15 बार की चैंपियन उरुग्वे को हराया, अब मेसी की टीम से होगा सामना

# कोलंबिया 23 वर्ष बाद फाइनल में

**चार्लोट (नार्थ कैरोलिना), एपी :** कोलंबिया ने 15 बार की चैंपियन उरुग्वे पर 1-0 की तनावपूर्ण जीत दर्ज करते हुए तीसरी बार कोपा अमेरिका के फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना रविवार को करिश्माई लियोन मेसी की टीम अर्जेंटीना से होगा। कोलंबियाई टीम ने 23 वर्ष बाद इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाई है और इसका श्रेय जेफरसन लेरमा को जाता है, जिन्होंने मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल दागा। पहले हाफ के स्टापेज टाइम में डेनियल नुनेज को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने के कारण कोलंबिया को दूसरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, लेकिन कोलंबियाई टीम 2001 में ट्राफी जीतने के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इस जीत के साथ ही कोलंबिया का अजेय मैचों का सफर 28 तक पहुंच गया है और यह पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबाल में सबसे लंबा विजयी क्रम है।

रविवार को खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों के बीच मैदान पर प्रतिद्वंद्विता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पूरे मैच के दौरान सात पीले और एक लाल कार्ड दिखाया गया। अंतिम सीटी बजने तक दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच जमकर धक्कामुक्की होती रही। बैंक आफ अमेरिका स्टेडियम में करीब 70 हजार से ज्यादा पीली जर्सी पहने कोलंबिया के समर्थकों के सामने उरुग्वे की टीम पहली बार टूर्नामेंट में पिछड़ी दिखी। जेम्स रोड्रिगेज की कार्नर किक पर लेरमा ने शानदार हेडर लगाते हुए अपना तीसरा अंतरराष्ट्रीय और टूर्नामेंट में अपना दूसरा गोल दागा। इससे पहले 31वें मिनट में मुनोज को पहला पीला कार्ड दिखाया गया, जब उन्होंने मोक्सीमिलानो को गिराया। वहीं पहला हाफ खत्म होने से ठीक पहले मैनुअल उग्राता को पेट पर मारने के लिए उन्हें दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया और टीम को 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा।


मैच के बाद कोलंबिया के खिलाड़ियों से भिड़ते उरुग्वे के लुइस सुआरेज ● एएफपी

**2001** में ट्राफी जीतने के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही


जेफरसन लेरमा ● एएफपी

गेंद रखी: 62% – 38%

| उरुग्वे | | कोलंबिया |
|---|---|---|
| 11 | कुल शाट | 11 |
| 2 | आन टारगेट | 4 |
| 410 | कुल पास | 259 |
| 3 | पीला कार्ड | 3 |
| 0 | लाल कार्ड | 1 |

**गोल**
उरुग्वे 0 – कोलंबिया 1
जेफरसन लेरमा 39वां मिनट

### मैच के बाद भिड़े दर्शक, उरुग्वे के खिलाड़ी भी कूदे

मैच के बाद बाद दोनों टीमों के समर्थकों से हाथापाई हो गई जिसमें डार्नविन नुनेज समेत उरुग्वे के भी कई खिलाड़ी शामिल हो गए।

मैदान पर जमा 70644 दर्शकों में से 90 प्रतिशत कोलंबिया के समर्थक थे लेकिन उरुग्वे के प्रशंसक भी थोड़ी तादाद में पहुंचे थे। हाथापाई में दोनों गुटों ने एक दूसरे पर पेय पदार्थ फेंके। हार के बाद गुस्साए नुनेज और उनके साथ भी सीढ़ियों के रास्ते दीर्घा में पहुंच गए। एक वीडियो में दिखाया गया है कि नुनेज कोलंबिया के एक समर्थक को पीट रहे हैं। पुलिस को हालात काबू करने में करीब 20 मिनट लगे। पुलिस द्वारा माइक से बार बार दर्शकों से बाहर जाने के लिये कहा जा रहा था लेकिन कई दर्शक वहीं डटे रहे।

# गांगुली ने रेसिंग टीम खरीदी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इस वर्ष अगस्त और सितंबर के बीच होने वाले 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' 2024 में कोलकाता रायल टाइगर्स टीम खरीदी। कोलकाता की रेसिंग टीम इस प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी, जिसमें हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद की सात टीमें भी इसमें हिस्सा लेंगी। 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में दो मुख्य चैंपियनशिप होंगी, जो इंडियन रेसिंग लीग और फार्मूला 4 इंडियन चैंपियनशिप हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पूर्व प्रमुख गांगुली ने कहा, 'मैं 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में कोलकाता की टीम के साथ इस यात्रा को शुरू कर काफी उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट हमेशा ही मेरा जुनून रहा है और कोलकाता रायल टाइगर्स के साथ हमारा उद्देश्य 'इंडियन रेसिंग फेस्टिवल' में एक मजबूत विरासत बनाने के साथ नई पीढ़ी को प्रेरित करना है।'



सौरव गांगुली ● आयोजक

### यूटीटी के लिए टीम का चयन

**नई दिल्ली, जेएनएन :** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) फ्रेंचाइजी टीमों ने बुधवार को मुंबई में प्लेयर ड्राफ्ट में यूटीटी 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ संभावित टीमों का चयन किया। लीग का आगामी सीजन 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाला है। इस सीजन में पहली बार आठ टीमें मैदान में होंगी। 16 विदेशियों सहित कुल 48 खिलाड़ी एक्शन में होंगे क्योंकि टीमों ने प्लेयर ड्राफ्ट के बाद अपने छह-सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दे दिया है।

# एंडरसन के विदाई टेस्ट में बड़ी जीत की ओर इंग्लैंड

**क्रिकेट डायरी**

**लंदन, एपी :** वेस्टइंडीज के विरुद्ध पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को इंग्लैंड की टीम ने जेमी स्मिथ (70) के अर्धशतक की बदौलत पहली पारी में 371 रन का स्कोर खड़ा किया और 250 रन की विशाल बढ़त बनाई।

इसके बाद अपना अंतिम टेस्ट मैच खेल रहे जेम्स एंडरसन (2/11) की अगुआई में गेंदबाजों ने दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज के 79 के स्कोर पर छह बल्लेबाजों को आउट कर दिया। विंडीज की टीम अभी 171 रन पीछे है, जबकि इंग्लैंड की टीम को जीत के लिए चार विकेट की दरकार है।

एंडरसन के अलावा कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन ने दो-दो विकेट लिए। इंग्लैंड के कप्तान ने दो विकेट चटकाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट भी पूरे कर लिए। उनके नाम अब 201 विकेट हो गए हैं। वह टेस्ट में छह हजार से ज्यादा रन और 200 विकेट लेने वाले तीसरे क्रिकेटर बन गए हैं। उनसे पहले वेस्टइंडीज के सर गारफील्ड सोबर्स और द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस यह कारनामा कर चुके हैं।


जेम्स एंडरसन ● एएफपी

**दूसरी पारी में विंडीज ने 79 रन पर गंवाए छह विकेट, इंग्लैंड को 171 रन की बढ़त**

### 26 से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** भारत और श्रीलंका के बीच इस महीने के अंत में होने वाली टी-20 और वनडे सीरीज का कार्यक्रम गुरुवार को घोषित हो गया है। श्रीलंका दौरे की शुरुआत टी-20 सीरीज के साथ होगा, जबकि वनडे सीरीज की शुरुआत एक अगस्त से होगी। श्रीलंका दौरे पर भारत को तीन-तीन मैचों की टी-20 और वनडे सीरीज खेलनी है। टी-20 सीरीज पल्लेकेले और वनडे मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। गौतम गंभीर के लिए यह बतौर भारतीय कोच पहला दौरा भी होगा। बीसीसीआइ ने मंगलवार शाम को नए मुख्य कोच के पद के लिए गंभीर के नाम की घोषणा की थी।

#### हसरंगा ने कप्तानी छोड़ी

वानिंदु हसरंगा ने गुरुवार को भारत के विरुद्ध आगामी तीन मैचों की सीरीज से पहले टी-20 में श्रीलंका के कप्तान का पद छोड़ दिया। हसरंगा ने कहा कि यह श्रीलंका क्रिकेट के सर्वोत्तम हित में है कि मैंने कप्तानी की जिम्मेदारी छोड़ने और एक खिलाड़ी के रूप में टीम में बने रहने का निर्णय किया है। हसरंगा का आखिरी कार्यभार टी-20 विश्व कप में था, जहां टीम सुपर आठ दौर में जगह बनाने में असफल रहे। हसरंगा ने कहा, खिलाड़ी के रूप में श्रीलंका के लिए खेलना हमेशा मेरे लिए सर्वप्रथम रहेगा।

**टी-20 सीरीज**

| तिथि | मैच | स्थान |
|---|---|---|
| 26 जुलाई | पहला टी20 | पल्लेकेले |
| 27 जुलाई | दूसरा टी20 | पल्लेकेले |
| 29 जुलाई | तीसरा टी20 | पल्लेकेले |


**वनडे सीरीज**

| तिथि | मैच | स्थान |
|---|---|---|
| एक अगस्त | पहला वनडे | कोलंबो |
| चार अगस्त | दूसरा वनडे | कोलंबो |
| सात अगस्त | तीसरा वनडे | कोलंबो |

# शाहीन अफरीदी पर लगा कोच कर्स्टन से बदसलूकी का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन:** टी-20 विश्व कप में पहले दौर में बाहर होने के बाद पाकिस्तानी टीम में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पर टीम के कोच गैरी कर्स्टन और अन्य कोच के साथ दुर्व्यवहार करने आरोप लगा है।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, अफरीदी ने टी-20 विश्व कप के दौरान कर्स्टन और अजहर महमूद के साथ बदतमीजी की थी। हालांकि अब इस बात की जांच की जा रही है कि इतना होने के बाद भी टीम प्रबंधन ने अफरीदी पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की थी। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि अफरीदी ने आयरलैंड दौरे और इंग्लैंड दौरे पर भी कोचिंग स्टाफ के साथ बदतमीजी की थी। इससे पहले, चयनकर्ता पद से हटाए जाने के बाद वहाब रियाज ने पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए कहा था कि मैं बहुत कुछ कह सकता हूं, लेकिन मैं इस ब्लेम गेम का हिस्सा नहीं बनना चाहता हूं।


शाहीन अफरीदी ● एक्स

**मसूद रहेंगे टेस्ट कप्तान, बाबर पर निर्णय जल्द:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया है लेकिन सीमित ओवरों के क्रिकेट में बाबर आजम की कप्तानी पर निर्णय बाद में किया जाएगा। पाकिस्तान को इस वर्ष अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है।

# पेरिस मेरा अंतिम ओलिंपिक होगा : मनप्रीत

**14 पेरिस ओलिंपिक दिन शेष**

**बेंगलुरु, प्रेट्र:** अभावों में बीता बचपन, मां के बेहिसाब संघर्ष, करियर में झूठे आरोप सभी कुछ झेला है। मनप्रीत सिंह ने लेकिन कठिनाइयों की आग में तपकर कुंदन बना मीठापुर का यह हाकी स्टार अब पेरिस में करियर का चौथा ओलिंपिक खेलेंगे, जो संभवतः उनका अंतिम ओलिंपिक होगा।

टोक्यो ओलिंपिक में 41 वर्ष बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान रहे मनप्रीत ने कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि चार ओलिंपिक खेल पाऊंगा। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि ओलिंपिक खेलना और पदक जीतना। मैं खुद को काफी खुशकिस्मत मानता हूं कि ये मेरा चौथा ओलिंपिक है।' मात्र 19 वर्ष की आयु में 2011 में भारत के लिए पदार्पण करने वाले इस अनुभवी मिडफील्डर ने कहा, 'मैं यह सोचकर जा रहा हूं कि ये मेरा आखिरी ओलिंपिक है और मुझे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।' ओलिंपिक पदक जीतने के बाद हालांकि उन्होंने अपने करियर का सबसे बुरा दौर देखा जब पूर्व कोच शोर्ड मारिन ने अपनी किताब में उन पर आरोप लगाया कि 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान उन्होंने एक युवा खिलाड़ी को जान बूझकर खराब खेलने के लिए कहा ताकि उनके दोस्त को टीम में जगह मिल सके। मनप्रीत ने पहली बार उन आरोपों के बारे में खुलकर बात करते हुए कहा कि वह पूरी तरह टूट गए थे और उनका भरोसा हर किसी पर से उठ गया था हालांकि टीम ने उनका पूरा साथ दिया, जिसकी वजह से वह इससे उबर सके। उन्होंने कहा,' मेरे लिए वह सबसे कठिन दौर था।


मनप्रीत सिंह ● एक्स

### खिलाड़ियों के उपकरण से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** खेल मंत्रालय के मिशन ओलिंपिक सेल ने पेरिस ओलिंपिक और पैरालिंपिक खेलों के लिए जाने वाले खिलाड़ियों और पैरा खिलाड़ियों के उपकरण खरीदने में सहायता से जुड़े कई प्रस्तावों को गुरुवार को मंजूरी दी। अपनी साप्ताहिक बैठक में एमओसी ने पैरालिंपिक टेबल टेनिस पदक विजेता भाविना पटेल के अपने कोच और सहायक के साथ 16 से 20 जुलाई तक थाइलैंड में आइटीटीएफ पैरा टेबल टेनिस एशिया प्रशिक्षण शिविर 2024 में हिस्सा लेने के लिए सहायता के प्रस्ताव को स्वीकृती दी है। एमओसी ने पैरा निशानेबाजों श्रीहर्ष के लिए एयर राइफल और रूबीना के लिए मोरिनी पिस्टल तथा पैरा एथलीट संदीप चौधरी के लिए दो भालों की खरीद के लिए सहायता शामिल है।

# पाओलिनी के सामने फाइनल मुकाबले में होंगी क्रेजीकोवा

## इतालवी खिलाड़ी पाओलिनी ने सेमीफाइनल में वेकिक को हराया, क्रेजीकोवा ने चौथी वरीय रिबाकिना को किया टूर्नामेंट से बाहर


जैस्मीन पाओलिनी ● एएफपी

**लंदन, एपी :** जैस्मीन पाओलिनी ने गुरुवार को विंबलडन में गैर वरीयता प्राप्त डोना वेकिक पर 2-6, 6-4, 7-6 (8) की संघर्षपूर्ण जीत के साथ इस वर्ष लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम फाइनल में प्रवेश किया, जहां शनिवार को उनका सामना चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजीकोवा से होगा। क्रेजीकोवा ने दूसरे सेमीफाइनल में 2022 की चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त एलिना रिबाकिना को पराजित किया। क्रेजीकोवा ने पहली बार विंबलडन के फाइनल में जगह बनाई है।

पाओलिनी और वेकिक के बीच रोमांचक मैच दो घंटे 51 मिनट तक चला, जिससे यह टूर्नामेंट का सबसे लंबा महिला सेमीफाइनल बन गया। पहला सेट गंवाने, दूसरे सेट में 4-4 की बराबरी के बाद दो गेम हारने और तीसरे सेट में 3-1 और 4-3 के स्कोर पर से दो बार ब्रेक से पिछड़ने के बाद पाओलिनी लगातार वापसी करती रहीं और अंततः जीत दर्ज करने में सफल रहीं। यह इतालवी खिलाड़ी पिछले महीने फ्रेंच ओपन के फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उन्हें इगा स्वियातेक के हाथों हार मिली थी। 28 वर्षीय पाओलिनी आठ साल बाद एक ही वर्ष में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। उनसे पहले सेरेना विलियम्स ने 2015 और 2016 में आल इंग्लैंड क्लब और रोलां गैरो के फाइनल में जगह बनाई थी। पाओलिनी ने कहा, पिछले दो महीने मेरे लिए काफी क्रेजी रहे हैं। आशा है कि इस बार मुझे उपविजेता से संतोष न करना पड़े। दूसरे सेमीफाइनल में विश्व की 31वें नंबर की खिलाड़ी क्रेजीकोवा ने रिबाकिना को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-3, 6-4 से मात दी। क्रेजीकोवा की नजरें भी अब अपना दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने पर होंगी। वह 2021 में फ्रेंच ओपन जीत चुकी हैं।

### आज साफ होगी पुरुष सिंगल्स के फाइनल की तस्वीर

वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन पुरुष सिंगल्स का फाइनल किन दो खिलाड़ियों के बीच होगा यह शुक्रवार को तय हो जाएगा। पहले सेमीफाइनल में गत चैंपियन कार्लोस अलकराज का सामना पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविक के सामने इटली के लोरेंज मुसेत्ती होंगे। क्वार्टर फाइनल में जोकोविक को वाकओवर मिला था, जबकि मुसेत्ती ने टेलर फ्रिट्ज को हराया था।


बारबोरा क्रेजीकोवा ● एपी

*********

### भारत में निर्मित पहले भाप इंजन वाले जहाज डायना का हुआ जलावतरण

1823 में आज ही भारत में निर्मित पहले भाप इंजन वाले जहाज डायना का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जलावतरण किया गया था। इसे 1824 में बंगाल सरकार ने खरीदा था। प्रथम एंग्लो-बर्मा युद्ध के दौरान यह ईस्ट इंडिया कंपनी का पहला भाप संचालित युद्धपोत बन गया था।




### पानशेत बांध टूटने से आई बाढ़ ने पुणे में मचाई भारी तबाही

1961 में आज ही पुणे में नवनिर्मित पानशेत बांध टूटने से आए विनाशकारी बाढ़ ने भारी तबाही मचाई थी। इससे लगभग एक हजार लोग मारे गए थे। वहीं हजारों लोगों को विस्थापन का सामना करना पड़ा था। बांध भारी बारिश की वजह से टूट गया था। बाढ़ से पुणे शहर पूरी तरह बर्बाद हो गया था।



### समाज के वास्तविक मुद्दों को पर्दे पर लाने वाले फिल्मकार हैं बिमल राय

महान निर्माता-निर्देशक बिमल राय का जन्म 1909 में आज ही अविभाजित भारत के ढाका (अब बांग्लादेश में) में हुआ था। करियर की शुरुआत कलकत्ता (अब कोलकाता) में न्यू थियेटर्स स्टूडियो में कैमरामैन के रूप में की। 1944 में बांग्ला फिल्म उदयर पाथे से निर्देशन में कदम रखा। उनकी फिल्म दो बीघा जमीन भारतीय सिनेमा की महत्वपूर्ण कृति मानी जाती है। 1953 में इसे कान इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजा गया था। परिणीता, देवदास, मधुमती, सुजाता, परख और बंदिनी जैसी कई कल्ट फिल्में दीं।



# पहाड़ से मैदान तक बाढ़ ने बढ़ाई परेशानी

## उत्तराखंड के चमोली में 72 घंटे बाद भी नहीं खुला बदरीनाथ राजमार्ग, 2800 यात्री फंसे



उत्तराखंड के चमोली में गुरुवार को बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन प्रभावित जोगीधारा क्षेत्र को पार करने में लोगों की सहायता करते एसडीआरएफ कर्मी ● प्रेट्र

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** उत्तर भारत में पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी वर्षा के कारण परेशानी बनी हुई है। पहाड़ों में जहां वर्षा के साथ हुए भूस्खलन के कारण बदरीनाथ राजमार्ग 72 घंटे से बंद है। वहीं, सड़कों और चारधाम के विभिन्न पड़ावों पर 2800 यात्री फंसे हैं। दूसरी ओर उत्तराखंड में शारदा व राप्ती नदियों में उफान से शाहजहांपुर के 70 से अधिक गांव और जिले का मेडिकल कालेज जलमग्न हो गए। वहीं, बिहार में भी वर्षा और नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई गांवों में पानी भर गया है। उप्र और बिहार में वज्रपात से भी गुरुवार को 26 लोगों की मौत हो गई।

उत्तराखंड के जोशीमठ के पास अवरुद्ध बदरीनाथ राजमार्ग तीन दिन बाद भी नहीं खुल पाया है। इस कारण मार्ग के दोनों तरफ 2,800 से अधिक यात्री फंसे हैं। बुधवार को इन यात्रियों ने वाहनों में और विभिन्न पड़ावों पर रात गुजारी। फिलहाल, एसडीआरएफ की मौजूदगी में गुरुवार को 500 से अधिक यात्रियों की पैदल सुरक्षित आवाजाही कराई गई। राजमार्ग बाधित होने से जोशीमठ विकासखंड में उपचुनाव कराने गई 15 पोलिंग पार्टी भी 12 घंटे तक अपने-अपने बूथ में फंसी रहीं। चार पोलिंग पार्टी को हेलीकाप्टर से गोपेश्वर लाया गया। मार्ग बंद होने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं की आपूर्ति भी बाधित है। बीआरओ कमांडर कर्नल अंकुर महाजन ने बताया कि हमारा प्रयास है कि शुक्रवार को यातायात सुचारु हो जाए। वहीं, रास्ता खोलने में जुटे 12 श्रमिक और एसडीआरएफ की टीम गुरुवार दोपहर को पहाड़ी से भूस्खलन होने से बाल-बाल बच गई। इस दौरान दो श्रमिकों को हल्की चोट आई है।



उप्र के शाहजहांपुर में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में राहत-बचाव कार्य में जुटे सेना के जवान ● प्रेट्र

### उप्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर आया बाढ़ का पानी

उप्र में गुरुवार को दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी तीन फीट तक पानी भर गया है। राहत कार्य में एनडीआरएफ और पीएसी की टीमें लगाई गई हैं। वहीं, शारदा व राप्ती नदियों के उफनाने और पीलीभीत के दियूनी डैम से छोड़े गए पानी से गर्रा नदी उफना गई, जिससे शाहजहांपुर के 70 से अधिक गांव और जिले का मेडिकल कालेज जलमग्न हो गए। यहां से मरीजों को शिफ्ट किया जा रहा है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी ने बाढ़ प्रभावित जिलों में पहुंचकर हालात का जायजा लिया। वहीं, वज्रपात से भी छह लोगों की मौत हुई है। सीएम योगी ने गुरुवार को श्रावस्ती व बलरामपुर में कहा कि पीड़ितों और जान गंवाने वालों के स्वजन को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। वर्तमान में प्रदेश के 12 जनपद प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपाल के पानी से पूर्वांचल के जिलों में असमय बाढ़ आई है।

**बिहार में कोसी और गंडक उफनाई, वज्रपात से 20 की मौत:** बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ने से परेशानी बनी हुई है। वहीं, वज्रपात की चपेट में आने से 20 लोगों की मौत हो गई। खगड़िया व मधेपुरा में कोसी उफना रही है। वहीं, पश्चिम चंपारण में गंडक सहित अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। गुरुवार को नदियों का जलस्तर बढ़ने से आसपास के कई गांवों में पानी भर गया। वहीं, गंडक के कटाव से आधा दर्जन घर नदी में समा गए। मुंगेर में गंगा के जलस्तर में प्रति घंटे एक सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हो रही है। कटिहार में महानंदा का जलस्तर गुरुवार को लाल निशान से 25 सेंटीमीटर ऊपर रहा।

## इधर-उधर की

### चापस्टिक से 55 गुब्बारे फोड़कर बनाया रिकार्ड




रश ने अपने नाम किया 180वां गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड ● इंटरनेट मीडिया

**वाशिंगटन, एजेंसी:** अमेरिका के सीरियल रिकार्ड ब्रेकर डेविड रश ने चापस्टिक से एक मिनट में 55 गुब्बारे फोड़कर एक और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। रश इसके पहले दो बार यह रिकार्ड अपने नाम कर चुके हैं। पहली बार वह 24 गुब्बारे फोड़ने में कामयाब रहे थे जिसे 28 गुब्बारे फोड़कर तोड़ दिया गया था। इसके बाद रश ने 41 गुब्बारे फोड़कर रिकार्ड दोबारा हासिल किया, लेकिन फिर एक रिकार्ड ब्रेकर ने 47 गुब्बारे फोड़कर उन्हें हरा दिया। रश ने बताया कि इस बार बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए उन्होंने तैयारी में दो महीने बिताए। अपनी गति और लक्ष्य को ठीक करने के लिए कुल दस हजार चापस्टिक को कार्डबोर्ड बक्से में फेंका। इसी के साथ डेविड के नाम अब कुल 180 गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज हो चुके हैं।

## नेपाली संसद में विश्वास मत आज, प्रचंड की हार के पूरे आसार

**काठमांडू, प्रेट्र :** नेपाल में पीएम पुष्प प्रचंड के शुक्रवार को सदन में विश्वास मत का सामना करने से पहले नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने व्हिप जारी कर दिया है। दोनों पार्टियों ने अपने सांसदों से सदन में उपस्थित रहने और विश्वास मत प्रस्ताव में प्रचंड के विरुद्ध मतदान करने को कहा है। संख्या बल के लिहाज से प्रचंड की स्थिति कमजोर है। उनकी पार्टी के पास 32 सांसद हैं। विश्वास पर मतदान में प्रचंड को 63 के आसपास ही मत मिल सकते हैं। सरकार बनाने के लिए 138 मत की आवश्यकता है।



पुष्प कमल दहल प्रचंड ● फाइल फोटो

### भारत से मैत्रीपूर्ण संबंध के बिना नेपाल की प्रगति संभव नहीं : सीपीएन-यूएमएल

**काठमांडू, प्रेट्र :** केपी शर्मा ओली की अगुआई वाली नेपाल की सीपीएन-यूएमएल ने गुरुवार को कहा कि चौतरफा भूमि से घिरा हमारा देश केवल भारत से घनिष्ठ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखकर ही आर्थिक समृद्धि प्राप्त कर सकता है।

पार्टी ने जोर देकर कहा कि वह नेपाल की भूमि से पड़ोसी देश के विरुद्ध किसी गतिविधि की अनुमति नहीं देगा। पार्टी के विदेश मामलों के विभाग प्रमुख डा. राजन भट्टराई ने कहा कि भारत विरोधी नीति अपना कर नेपाल प्रगति नहीं सकता है।

# यूक्रेन को 22.5 करोड़ डालर की अमेरिकी सैन्य सहायता

- पैट्रियट मिसाइल बैटरी, राकेट सिस्टम और गोला-बारूद मिलेंगे
- अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से मिले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की

**वाशिंगटन, रायटर:** अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 22.5 करोड़ डालर के सुरक्षा पैकेज की घोषणा की। इसमें पैट्रियट मिसाइल, आर्टिलरी राकेट सिस्टम और मिसाइलों के लिए अतिरिक्त गोला-बारूद, अन्य सामान शामिल हैं। वर्ष 2022 में रूसी आक्रमण के बाद से वाशिंगटन यूक्रेन को 50 अरब डालर से अधिक की सैन्य सहायता प्रदान कर चुका है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वाशिंगटन में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन में द्विपक्षीय बैठक से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से कहा, हम आपके साथ रहेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पैकेज की घोषणा करते हुए कहा, अमेरिका और हमारा अंतरराष्ट्रीय गठबंधन यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा।

इस बीच यूक्रेन ने गुरुवार को नाटो से उस प्रतिबंध को हटाने के लिए आग्रह किया जिसके तहत यूक्रेन रूस के खिलाफ लंबी दूरी के हथियारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। नाटो सदस्य देशों ने बुधवार को अगले वर्ष के भीतर यूक्रेन को कम से कम 40 अरब यूरो की सैन्य सहायता देने की घोषणा की। अमेरिका ने कहा कि वह 2026 में जर्मनी में लंबी दूरी की मिसाइलें तैनात करेगा। इसका उद्देश्य रूस के बढ़ते खतरे का मुकाबला करना है।

नाटो ने कहा कि चीन रूस के साथ अपनी असीमित भागीदारी और उसके रक्षा औद्योगिक आधार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देकर युद्ध का समर्थक बन गया है। बीजिंग यूरोप और सुरक्षा के लिए चुनौतियां पेश कर रहा है। वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन नाटो सदस्यता के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के बहुत करीब है।

### एशिया में अराजकता न फैलाए नाटो : चीन

**बीजिंग, एपी:** चीन ने गुरुवार को नाटो पर दूसरों की कीमत पर सुरक्षा चाहने का आरोप लगाते हुए कहा कि नाटो एशिया में भी वैसी ही अराजकता न फैलाए। चीन के विदेश मंत्रालय का यह बयान नाटो द्वारा यूक्रेन संघर्ष में उसे रूस समर्थक बताए जाने के बाद आया है। चीन ने नाटो देशों से चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप बंद करने को कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि यूक्रेन मुद्दे पर नाटो द्वारा चीन की जिम्मेदारी को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना दुर्भावनापूर्ण है।



लिन जियान ● फाइल/एएनआइ

## एक नजर में

### लाहौर हाई कोर्ट को मिली पहली महिला मुख्य न्यायाधीश

**लाहौर:** न्यायमूर्ति आलिया नीलम ने गुरुवार को पाकिस्तान के लाहौर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह अदालत के शीर्ष न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत होने वाली पहली महिला बन गई हैं। पंजाब के गवर्नर सरदार सलीम हैदर खान ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। (प्रेट्र)



जस्टिस नीलम

### लैंडिंग के दौरान प्लेन में लग गई आग, 297 यात्री सुरक्षित

**पेशावर:** रियाद से पाकिस्तान आ रही सऊदी एयरलाइंस की उड़ान में गुरुवार को पेशावर हवाई अड्डे पर उतरते समय लैंडिंग गियर में आग लग गई। विमान में सवार 297 यात्री बाल-बाल बच गए। सभी चालक दल और यात्रियों को फ्लाइट से सुरक्षित निकाल लिया गया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विमान दुर्घटना जांच बोर्ड ने घटना का संज्ञान लिया है और एक टीम जल्द ही घटना की जांच शुरू करेगी। (प्रेट्र)

## ब्रिटेन में भारतवंशी सांसदों ने गीता, गुटका व बाइबिल लेकर ली शपथ

**लंदन, प्रेट्र:** ब्रिटेन के आम चुनाव में ऋषि सुनक समेत कई भारतवंशी संसद के लिए निर्वाचित हुए हैं। संसद में शपथ ग्रहण के दौरान भारतीय मूल के सांसदों ने ब्रिटिश क्राउन के प्रति निष्ठा की प्रतिज्ञा हाथ में भगवद्गीता, सुंदर गुटका और बाइबिल लेकर ली।

पूर्व सांसद शैलेश वारा ने स्पीकर लिंडसे हायल को 'भगवद्गीता' की एक नई प्रति भेंट की। इसे हाथ में लेकर संसद की सदस्यता ग्रहण करने वालों में ऋषि सुनक ब्रिटिश भारतीय सांसदों में से एक थे। लिसेस्टर से चुनी गईं कंजर्वेटिव पार्टी की शिवानी राजा और वेल्स का प्रतिनिधित्व करने वाले लेबर पार्टी के कनिष्क नारायण ने भी शपथ के लिए 'गीता' को चुना। इसी तरह कंजर्वेटिव पार्टी के दिग्गज बाब ब्लैकमैन ने 'गीता' और 'किंग जेम्स बाइबिल' दोनों को रखा। सिख समुदाय से आने वाली प्रीत कौर गिल ने शपथ के दौरान 'सुंदर गुटका' को हाथ में रखा।



कंजरवेटिव पार्टी के दिग्गज बाब ब्लैकमैन ने शपथ के दौरान हाथ में गीता भी ले रखी थी ● वीडियोग्रैब/एएनआइ

## अभ्यास में भाग लेने आस्ट्रेलिया पहुंची वायुसेना की टुकड़ी

**डार्विन, एएनआइ:** भारत की वायुसेना शुक्रवार से बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास में शामिल होगी। सैन्य अभ्यास पिच ब्लैक 2024 में भाग लेने के लिए भारतीय वायु सेना की टुकड़ी गुरुवार को रायल आस्ट्रेलियन एयर फोर्स (आरएएएफ) बेस डार्विन, आस्ट्रेलिया पहुंची। यह सैन्य अभ्यास 12 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किया जाना है।


'पिच ब्लैक' आरएएएफ द्वारा आयोजित द्विवार्षिक, बहुराष्ट्रीय अभ्यास है। यह आयोजन एक्स पिच ब्लैक के 43 वर्ष के इतिहास में सबसे बड़ा होगा। इसमें 20 देशों की वायुसेनाओं के 140 से अधिक विमान और 4400 सैन्यकर्मी भाग लेंगे। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना है।

## बाइडन के लिए भारतवंशियों के समर्थन में 19% की गिरावट

**वाशिंगटन, प्रेट्र :** अमेरिका में हुए एक सर्वे के अनुसार जो बाइडन का समर्थन करने वाले भारतीय अमेरिकियों में 19 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। एशियाई-अमेरिकी मतदाताओं का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सर्वे बुधवार को जारी किया गया। सर्वे से पता चलता है कि 2020 में 65 प्रतिशत के मुकाबले इस साल 46 प्रतिशत भारतीय अमेरिकी बाइडन को वोट देने का इरादा रखते हैं। हालांकि, ट्रंप को अनुकूलता रेटिंग में केवल दो प्रतिशत का फायदा दिख रहा है। पिछले चुनाव में जहां यह आंकड़ा 28 प्रतिशत था वह अब 30 प्रतिशत हो गया है।

एशियाई अमेरिकी पिछले दो दशकों में अमेरिका में पात्र मतदाताओं का एक तेजी से बढ़ने वाला समूह रहा है। 2016 के बाद से हर संघीय चुनाव में रिकार्ड संख्या में मतदान कर रहा है। 2020 में विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वालों की संख्या में वृद्धि जो बाइडन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इस बीच, अमेरिका में रह रहे सिखों के एक समूह की ओर से कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत इस बात पर निर्भर करेगी कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और कानूनी है या नहीं। समूह के एक अधिकारी ने कहा है कि हमारा समुदाय ट्रंप के समर्थन में है।



जो बाइडन ● फाइल फोटो







TOYOTA
MAKE YOUR WAY
KA 42 TC 009/8
STARTING FROM ₹ 7.73 lakh^
22.79 km/l#
BEST-IN-CLASS MILEAGE
BENEFITS UPTO ₹ 50 000*
5 YEARS ROADSIDE ASSISTANCE
5 YEARS EXTENDED WARRANTY** OR UP TO 2.20 lakh km
THE ALL NEW
URBAN CRUISER
TAISOR
BRAVE. ACTIVE. Awesome
POWERFUL 1.0 l TURBO ENGINE
SLICK 6 SPEED AUTO TRANSMISSION
WIRELESS CHARGER
360 VIEW CAMERA
HEAD-UP DISPLAY
SMART WATCH CONNECTIVITY
TALK TO TOYOTA
FOR ENQUIRIES & FEEDBACK CONTACT
TOLL FREE NO.: 1800-309-0001
DIRECT NO.: +91-80-4505-9000
Toyota Mobility Service
Individual Subscription
Corporate Leasing
TOYOTA FINANCIAL SERVICES
Q SERVICE
24x7 ROADSIDE ASSISTANCE
UNMATCHED WARRANTY*
3 years / 1 00 000 km
FOR YOUR PEACE OF MIND
TOYOTA U TRUST
Buy | Sell | Exchange - Used car
gloss STUDIO
Dual Front SRS Airbags, ABS with EBD & Pretensioner Force Limiter (PTFL) standard across all Toyota cars
SOUTH DELHI
GALAXY
Ring Road, Opp. Moolchand Hospital, Lajpat Nagar-IV
9599788513, 465 77 777
ESPIRIT
Mathura Road, N.Delhi
7290095001, 9654999635, 1800 103 5686
GALAXY
G-1 Station Box, Chattarpur Metro Station
9870191014, 66763666
NORTH DELHI
GALAXY
Shalimar Place, Outer Ring Road, Nr. Rohini
9599788514, 400 11 111
EAST DELHI
CRYSTAL
PD - 24, Pillar No-52, Jhilmil Industrial Area, Shahdara
8447449459
WEST DELHI
GALAXY
Moti Nagar Crossing
8448293658, 418 77 777
MGF
Shivaji Place, District Centre, Ring Road, Raja Garden
9711303021, 9810193712
GALAXY
Dwarka, Nr. Sec-9 Metro Station
7838193193, 434 77 777
NOIDA
ESPIRIT
D-11, Sec-8, Noida
7290095001, 9654999635, 1800 103 5686
ESPIRIT
D- 37 & 38, Surajpur Site-4, Kasna, Gr. Noida
7290095001, 9654999635, 1800 103 5686
GURUGRAM
MGF
MGF Mega City Mall M.G. Road, Gurugram
9910067020, 9818899964, 7428534708
MGF
Global Foyer Mall, Golf Course Road, Sec-43
9810922552, 9899907309, 0124-4596800
MGF
Sector-50, Gurugram
8527565522, 9999798428, 0124-4415566
IJM
Boulevard II, Sector-47 Gurugram Sohna Road
9512295122
9289670701
FARIDABAD
THIRTY SIX
14/7, Main Mathura Road, Faridabad
8800333636, 0129-4293636
PALWAL
THIRTY SIX
Delhi Mathura Road NH-22, Palwal
8199900186, 8199900187
TSPARSH
ESPIRIT TOYOTA: BULANDSHAHR-7290095001, SIKANDRABAD-7290095001, GALAXY TOYOTA: NARELA-9999534551, IJM TOYOTA: PATAUDI-9512295122, SOHNA-9512295122,
MGF TOYOTA: FARRUKH NAGAR-9599121800, THIRTY SIX TOYOTA: HODEL-8826600836, HATEEN-7988274475, TIGAON-8800790130
* Terms & conditions apply on all schemes & offers. Creative visualization. Features are variant specific. Offer valid till 31st July, 2024. *Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/Extended Warranty/Other benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Finance at the sole discretion of Financier. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. ^Ex-showroom prices are applicable Pan India. #Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard Test Conditions. Actual Mileage on road may vary. **3 years /1 00 000 km Manufacturer Warranty + 2 years/1 20 000 km Extended Warranty (Optional). Accessories shown may not be part of standard equipment.
SUNDAY OPEN

*********